भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

माघ, पक्ष - कृष्ण, तिथि - पंचमी , संवत 2080 | वर्ष-9, अंक-49, | पृष्ठ : 8 | बुधवार | जयपुर, 31 जनवरी - 6 फरवरी, 2024 | मूल्य ₹ 5/- | वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-

## शिक्षा का चुनौतिपूर्ण स्तर

सटीक



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

**देश** के ग्रामीण हिस्सों में स्कूली बच्चों की शिक्षा की स्थिति पर एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट (ASER) का ताजा संस्करण पहली नजर में जरूर चिंतित करता है, लेकिन समग्रता में देखने पर साफ हो जाता है कि हालात निराशाजनक नहीं बल्कि चुनौतीपूर्ण हैं। 14 से 18 साल के आधे से ज्यादा बच्चे अगर तीसरी-चौथी क्लास के मैथ के सिंपल डिविजन प्रॉब्लम सॉल्व न कर सकें तो यह कोई अच्छी स्थिति नहीं कही जा सकती। वजह यह है कि डिविजन करने की क्षमता को व्यावहारिक जीवन में काम आने वाली बुनियादी गणनाओं के लिए जरूरी माना जाता है। खास बात यह कि इन स्टूडेंट्स का एक बड़ा हिस्सा जॉब मार्केट से कुछ ही कदम दूर है। लेकिन इस तथ्य को भुलाया नहीं जा सकता कि इस उम्र समूह के लोगों को रिपोर्ट में पिछली बार 2017 में कवर किया गया था। और इस दौरान देश-दुनिया ने कोरोना महामारी की जबर्दस्त चुनौती झेली है। खासकर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की पढ़ाई तो कोरोना काल में लगभग ठप ही हो गई थी। महामारी के संदर्भ में रिपोर्ट की दो बातें खास तौर पर ध्यान खींचती हैं। एक तो यह कि 89 फीसदी बच्चे ऐसे हैं जिनके घर में स्मार्टफोन है। वहीं, 92 फीसदी बच्चों ने बताया कि वे स्मार्टफोन चलाना जानते हैं। निश्चित रूप से इसके पीछे महामारी के दौरान ऑनलाइन पढ़ाई की मजबूरी का बड़ा हाथ माना जा सकता है। दूसरी बात यह कि एनरोलमेंट की संख्या (86.8 फीसदी) का 2017 (85.6 फीसदी) से ज्यादा होना बताता है कि महामारी के दौरान आजीविका के नुकसान के चलते ज्यादातर बच्चों के दोबारा स्कूल न लौटने का डर गलत साबित हुआ है। हालांकि इसी रिपोर्ट से यह भी पता चलता है कि करीब एक तिहाई बच्चे 12वीं से आगे नहीं पढ़ते। लड़कों के मामले में ड्रॉप आउट की सबसे बड़ी वजह रुचि की कमी पाई गई तो लड़कियों के मामले में पारिवारिक मजबूरी। निश्चित रूप से डेमोग्रैफिक डिविडेंड पर ध्यान केंद्रित किए एक युवा देश के लिए यह चिंता की बात है।

### राजस्थान विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जवाब दिया, कहा...

# न पर्ची की न खर्ची की, सरकार धरती की, धरती पुत्रों की...

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सीएम भजन लाल शर्मा ने मंगलवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर जवाब देते हुए पूर्ववर्ती सरकार को जमकर घेरा। सीएम ने करीब 2 घंटे के अपने जवाब में पेपर लीक, भ्रष्टाचार और महिला अपराधों सहित कई मुद्दों पर पूर्ववर्ती सरकार को घेरा। उन्होंने कांग्रेस विधायकों के पर्ची सरकार के बयान पर भी तंज कसा और कहा कि पिछली सरकार में बिना सेवा, बिना पानी और बिना खर्ची के कोई काम नहीं होता था। प्रीपेड सेवा चालू हो गई थी। इतने ले आओ इतने में काम हो जाएगा। बिना सेवा के कोई काम नहीं होता था। वह खर्ची की सरकार थी। उन्होंने विपक्ष के पर्ची की सरकार के बयान पर कहा कि यह सरकार न पर्ची की है और न ही खर्ची की है। यह सरकार धरती और धरती पुत्रों की है। इससे पहले उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने अभिभाषण के जरिए हमारी सरकार का रोड मैप रखा है। मैं राजस्थान की जनता को भी धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने हमारी सरकार को बहुमत देकर हमें सेवा का अवसर दिया है। उन्होंने सांगानेर की जनता का भी आभार व्यक्त किया।



### 500 साल का इतिहास 84 सेकंड में सिमट गया

**सीएम** ने अपने जवाब की शुरुआत में राम भगवान की महिमा का गुणगान किया। उन्होंने शहीद दिवस पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी रामभक्त थे। उनका भजन था घुपति राघव राजा राम और पायोजी मैंने राम रतन धन पायो..। रामराज्य गांधी जी का सपना था। संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर ने भी संविधान में भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण जी का चित्रण किया। सदियों के संघर्ष और राम भक्तों के बलिदान के बाद यह सपना साकार हुआ है। 500 साल का इतिहास 84 सेकंड में सिमट गया।

### महिला अपराधों ने राजस्थान को शर्मसार किया

**पूर्ववर्ती** सरकार के समय हुए महिला अपराधों को लेकर सीएम ने कहा कि राजस्थान मीराबाई की धरती है, यह पन्नाधाय की भूमि है, यह मां अमृता देवी की धरती है। जिस प्रदेश को महिला सम्मान के लिए जाना जाता था। उस प्रदेश को महिला अपराध के चिंताजनक आंकड़ों से शर्मसार होना पड़ा। गहलोत सरकार में राजस्थान महिला अपराध में देश में पहले स्थान पर था। दुख की बात है यह कि जब सरकार का इस ओर ध्यान आकर्षित किया गया तो मुखिया ने यह कहकर शर्मसार किया कि महिला दुष्कर्म के ज्यादातर मामले झूठे होते हैं। यही कांग्रेस सरकार के सीनियर मंत्री सदन में कहते हैं-राजस्थान मर्दों का प्रदेश है। मुखिया को यह बातें सुनाई नहीं दी। जब जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आई महिलाओं के साथ दुष्कर्म और अपराध बढ़े हैं। मुख्यमंत्री ने भंवरी देवी कांड का उल्लेख किया और कहा कि हमारी सरकार महिला की सुरक्षा का संकल्प लेकर चल रही है।

### जनता इन्हें पूरी तरह से नकार देगी

सीएम ने कहा कि श्री राम की मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को भी विपक्ष के सदस्य राजनीतिक चश्मे से देख रहे हैं। जिन्होंने राम और रामसेतु को काल्पनिक बताकर नकार दिया था] उनको जनता ने भी नकार दिया है। आने वाले समय में चुनाव में जनता इनको पूरी तरह से नकारेगी। उन्होंने विधायकों से कहा कि राजस्थान की जनता ने हम सभी को इस पवित्र मंदिर में भेजा है। यहां का एक-एक मिनट बहुत कीमती है।

### कानून का राज, कहने होने में अंतर

सीएम ने कहा कि कानून का राज कहने और होने में बड़ा अंतर होता है। करौली की घटना मुझे आज भी याद है जब जुलूस पर हमला हुआ। उदयपुर में कन्हैयालाल का क्या हाल किया, इससे पूरी दुनिया में प्रदेश की छवि को आघात लगा। जयपुर में एक युवक की हत्या के बाद उसको सांप्रदायिक रंग देकर माहौल खराब करने का काम किया गया।तुष्टीकरण के आधार पर फैसला हो तो कानून और संविधान बौना हो जाता है।

### दिल्ली के अनुभवी शिक्षकगण देंगे अपनी सेवाएं

## अब जयपुर में होगा सिविल सेवाओं से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान-बी सिंह सर

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** जयपुर में नेक्स्ट आईएएस द्वारा एक भव्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जयपुर के अनेक सिविल सेवा के अभ्यर्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। नेक्स्ट आईएएस के संस्थापक बी सिंह सर द्वारा सिविल सेवा कोचिंग संस्थान की भूमिका एवं सफलता सूत्र पर वृहत् चर्चा की गई। बी सिंह का यह सपना है कि दिल्ली की तर्ज पर, उन्ही मापदंडों और उच्च गुणवत्ता के साथ सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी आपके शहर जयपुर में भी उपलब्ध हो सके ताकि देश की इस कठिनतम परीक्षा को आसान बनाया जा सके। कार्यक्रम में अन्य प्रतिष्ठित शिक्षकगण जैसे विभास झा सर, उपेंद्र अनमोल सर एवं संजीव श्रीवास्तव सर द्वारा अभ्यर्थियों के साथ परीक्षा संबंधित विभिन्न आयामों पर चर्चा की गई। इस सेमिनार द्वारा छात्रों को ना सिर्फ इस परीक्षा को समझने का मौका मिला बल्कि सिविल सेवा परीक्षा से जुड़ी सारी भ्रांतियों को दूर करने का एक सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ। इस सेमिनार के माध्यम से छात्रों के व्यक्तिगत प्रश्नों का भी समाधान प्रसिद्ध शिक्षकों द्वारा किया गया।









पता, ना चालक का ना मालिका का

# राजधानी में बे-लगाम ई-रिक्शा

## बेतरतीब दौड़ते ई-रिक्शाओं ने पूरे ट्रेफिक सिस्टम को किया खराब

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजधानी में ई-रिक्शा की संख्या बढ़ती जा रही है। बाधित यातायात को नियंत्रित करने के लिए इनका सत्यापन बेहद जरूरी है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में यातायात पुलिस ने सत्यापन शुरू किया। अब वहां सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। जयपुर में इस तरह का सत्यापन शुरू किया जाए और ट्रैफिक कंट्रोल बोर्ड की बैठक के आदेश को धरातल पर लागू किया जाए तो परकोटा क्षेत्र को जाम से निजात मिल जाएगी। बाकी शहर में भी यात्रियों की राह सुगम हो जाएगी। दरअसल, बीते वर्ष छह सितम्बर को जेडीए में ट्रैफिक कंट्रोल बोर्ड (टीसीबी) की बैठक में ई-रिक्शा के 10 रूट निर्धारित हुए। लेकिन, योजना को धरातल पर नहीं उतारा जा सका। इतना ही नहीं, अभी स्थिति यह है कि ई-रिक्शा किसी का है और चलाने वाला कोई और है।



### बालमुकुंदाचार्य ने विधानसभा में भी उठाया मामला

हवामहल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक बालमुकुंदाचार्य ने बीते दिनों ई-रिक्शा का मामला विधानसभा में भी उठाया। उन्होंने कहा था कि एक-एक नम्बर से कई ई-रिक्शा का अवैध संचालन हो रहा है। चालकों के पहचान की भी कोई व्यवस्था नहीं है। ई-रिक्शा चालक लूटपाट और व्यापारियों का सामान तक गायब करने में शामिल पाए गए हैं। आपराधिक छवि के लोग भी अवैध रूप से कई ई-रिक्शा चलवा रहे हैं। ई-रिक्शा का रूट, पंजीयन, चालकों के आइडी कार्ड का भी डिस्प्ले होना चाहिए। यातायात पुलिस उनकी मॉनिटरिंग करे।

### लखनऊ में वसूल रहे जुर्माना

- लखनऊ में ई-रिक्शा को नियंत्रित करने के लिए अभियान चलाया गया। पहले चरण में चालकों का सत्यापन किया गया। इसके लिए यातायात पुलिस ने एक से 15 जनवरी तक 60 हजार फॉर्म बंटवाए। अब दूसरे चरण में एक फरवरी से सख्ती शुरू होगी। सत्यापन फॉर्म नहीं भरने वाले ई-रिक्शा चालकों से दो हजार रुपए का जुर्माना वसूला जाएगा।
- यातायात सुगम बनाने के लिए लखनऊ में ई-रिक्शा के लिए आठ जोन चिन्हित किए गए हैं। यातायात पुलिस की ओर से मोटर वाहन एक्ट, पुलिस एक्ट की विभिन्न धाराओं में एक जनवरी से नई व्यवस्था लागू की गई हैं।

### जयपुर में ये हाल

- 30 हजार से अधिक ई-रिक्शा राजधानी में संचालित हो रहे हैं। इनमें से 20 हजार ई-रिक्शा परकोटे में ही चल रहे हैं।
- शुरुआत में तो ई-रिक्शा के पंजीयन तक नहीं होते थे। अधिकतर चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं हैं।
- परिवहन कार्यालय की ओर से ई-रिक्शा संचालकों के लिए कैंप लगाए गए, फिर भी चालकों द्वारा लाइसेंस नहीं लिए जा रहे।
- शहर में ई रिक्शा संचालित करने के लिए परमिट की आवश्यकता नहीं होती।
- शहर में जोन वार ई रिक्शा संचालित करने के लिए परिवहन विभाग ने अभी तक योजना तैयार नहीं की, आरटीओ की ओर से इसका प्रस्ताव विभाग को भेज दिया गया है।

### ऐसे चलने थे ई-रिक्शे

| जोन | ई-रिक्शा | कलर |
|---|---|---|
| झोटवाड़ा | 2500 | लाल |
| सांगानेर | 3500 | नारंगी |
| मानसरोवर | 3000 | पीला |
| जगतपुरा | 2500 | भूरा |
| मालवीय नगर | 3500 | हरा |
| हवामहल | 3000 | ग्रे |
| सिविल लाइंस | 3500 | मैरून |
| किशनपोल | 4000 | गुलाबी |
| आदर्श नगर | 3000 | रॉयल ब्लू |

-मेट्रो ट्रेन के आस-पास सफेद कलर के ई रिक्शे संचालित होने की बात कही गई।

**ई-रिक्शा** को 11 जोन में संचालित करने का प्लान बना है। इसके लिए प्रस्ताव मुख्यालय भेज रखा है। ई- रिक्शा को रंग के आधार पर जोनवार संचालित किया जाएगा। प्रस्ताव पर मुहर लगने के बाद आगे की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।
**-वीरेन्द्र मीणा,** आरटीओ प्रथम, जयपुर

प्रधानमंत्री मोदी के 'परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम'

## प्रदेश के 56 लाख 68 हजार से अधिक लोग, 46 लाख 65 हजार विद्यार्थी लाभान्वित



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम' से प्रदेश के रिकॉर्ड 56 लाख 68 हजार से अधिक लोग अलग-अलग माध्यमों से जुड़े। स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने बताया कि प्रदेशभर के 76 हजार से अधिक सरकारी और निजी स्कूलों में प्रोजेक्टर स्क्रीन, टीवी, रेडियो यूट्यूब और मोबाइल जैसे माध्यमों से विद्यार्थियों (कक्षा 6 से 12 तक), अध्यापकों, अभिभावकों और अन्य लोगों ने 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में शिरकत की। इसमें 23 लाख 41 हजार छात्र, 23 लाख 23 हजार 801 छात्राएं, 3 लाख 78 हजार से अधिक शिक्षक एवं स्टाफ तथा 6 लाख 25 हजार से ज्यादा अभिभावक गण एवं अन्य लोगों ने भाग लिया।

**कार्यशाला :** सुधांशु त्रिवेदी, सीपी जोशी ने कार्यकर्ताओं को समझाया मीडिया का महत्व

# लोकसभा की 25 सीटों पर कमल खिलाने के लिए भाजपा की तैयारी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

लोकसभा चुनाव में एक बार फिर से राजस्थान में सभी 25 सीटों पर कमल खिलाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने कमर कस ली है। तैयारियों को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया और सोशल मीडिया की कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में प्रिंट मीडिया, डिजिटल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तीनों का ही बड़ा महत्व है, ये अपनी प्रभावी छाप छोड़ते हैं। डिजिटल मीडिया की ताकत से आज दुनिया में किसी भी स्थान की खबर हमें शीघ्र मिल जाती है। भाजपा के पास जो विजन है वह देश की किसी पार्टी के पास नहीं है। हमारा लक्ष्य सभी 25 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करना है। मीडिया के क्षेत्र में कंटेट सबसे महत्वपूर्ण चीज होता है। हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 साल के ऐतिहासिक कार्यों को लेकर जनता के बीच जाना है। लोकसभा चुनाव में एक बार फिर से राजस्थान में सभी 25 सीटों पर कमल खिलाने के लक्ष्य को लेकर हमें काम करना है। कार्यशाला में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी पहुंचे। राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी, प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, प्रदेश मंत्री एवं आईटी-मीडिया-सोशल मीडिया प्रभारी पिंकेश पोरवाल, मीडिया विभाग के संयोजक प्रमोद वशिष्ठ सहित पार्टी के विभिन्न विभागों के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### आवेश या उकसावे में पोस्ट या कमेंट नहीं करें : सीएम

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता को जो दायित्व पार्टी की ओर से दिया जाता है उसे पूरी लगन और मेहनत के साथ पूरा करें। सोशल मीडिया के लाभ हानि के बारे में बताते हुए उन्होने कहा कि सोशल मीडिया चलाते समय तीन बातों का ध्यान रखें पहला आपको खुद ही सही गलत का आकलन करना होगा, दूसरा लाभ हानि का निर्धारण करना होगा और तीसरी बात आवेश या उकसावे में आकर कोई पोस्ट या कमेंट ना करें। हमें संगठित होकर काम करना है और प्रदेश की सभी 25 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करनी है।

### भारत मदर ऑफ डेमोक्रेसी का रूप

राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि मीडिया में काम करने वाले लोगों को स्थानीय, प्रदेश और राष्ट्रीय विषयों से संबंधित सूचनाएं एकत्रित करके प्रसारित करनी चाहिए। इसके साथ ही तात्कालिक, नीतीगत और वैचारिक विषयों की भी जानकारी बेहद आवश्यक है। तात्कालिक घटनाओं, सरकार की नीतियों और हिंदुत्व सहित सांस्कृतिक विषयों पर हमें जानकारी होनी चाहिए। पीएम मोदी के नेतृत्व में विश्व में हमने भारत को मदर ऑफ डेमोक्रेसी के रूप में स्थापित किया है।

### विषय पर पकड़ मजबूत रखें : सिंह

राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि इलैक्ट्रोनिक, डिजीटल और प्रिंट सभी तरह के मीडिया का आधार सूचनाओं का प्रसार करना है। हमारे सभी प्रवक्ता पैनलिस्टों को विषय पर पकड़ मजबूत रखनी होगी। हमारे सभी मीडिया कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया पर टॉप लीडरशिप के वक्तव्य और सरकार की योजनाओं का प्रसार किस तरह करना है यह भी ध्यान रखना होगा।

## ईवीएम की प्रथम स्तरीय जांच शुरू

**जयपुर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) के साथ ही निर्वाचन विभाग प्रदेश में लोकसभा चुनाव की तैयारियों की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं पारदर्शी चुनाव के लिए ईवीएम की प्रथम स्तरीय जांच जरूरी है। गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में लोकसभा आम चुनाव के लिए ईवीएम/वीवीपैट मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) का कार्य भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड, बेंगलुरु के इंजीनीयर्स द्वारा राज्य के सभी जिलों में प्रारंभ किया गया हैं। उन्होंने बताया कि ईवीएम/वीवीपैट मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) का कार्य 20 फरवरी का पूर्ण होने की संभावना हैं। यह कार्य मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों की उपस्थिति में किया जाएगा।

## बैठकों में अब बर्फी-नमकीन नहीं, मिलेंगे रोस्टेड चने और मूंगफली

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

सचिवालय के कमेटी रूम्स और कॉन्फ्रेंस हॉल में होने वाली बैठकों में अब नाश्ते में मिठाई और नमकीन पर रोक लगा दी गई है। सचिवालय के कमेटी रूम्स और कॉन्फ्रेंस हॉल में होने वाली बैठकों में नाश्ते के तौर पर केवल रोस्टेड चने, रोस्टेड मूंगफली, मखाने और मल्टी ग्रेन बिस्किट ही मंगवा सकेंगे। ब्रांडेड बोतल बंद पानी की जगह कांच की बोतल में पानी मिलेगा। सीएमओ को इससे अलग रखा गया है।

कार्मिक विभाग ने सचिवालय की बैठकों में नाश्ते और पानी के लिए सर्कुलर जारी किया है। कार्मिक विभाग का यह सर्कुलर विभागों की बैठकों पर लागू होगा। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) को इससे अलग रखा गया है। मंत्रालय भवन और मंत्री स्तर पर होने वाली बैठकों पर यह लागू नहीं होगा। सीएमओ की व्यवस्थाएं अलग विभाग देखता है। इसके लिए आउटसोर्सिंग एजेंसी को काम दिया हुआ है। सचिवालय कार्मिक विभाग के अधीन आता है। इसकी बैठकों की व्यवस्था से लेकर उनके मैन्यू तक यही विभाग तय करता है। सचिवालय में विभागों की बैठकें कॉन्फ्रेंस हॉल और कमेटी रूम में होती है। हर बैठक में नाश्ता और चाय की व्यवस्था होती है। अब तक नाश्ते में मिठाई, समोसे, नमकीन चिप्स दिए जाते थे। अब कार्मिक विभाग ने इसमें बदलाव कर दिया है।



सचिवालय की बैठकों में नाश्ते का नया मैन्यू तय करने के पीछे खर्च कम करने की कोशिश बताई जा रही है। आम तौर पर खर्च कम करने का सर्कुलर वित्त विभाग जारी करता है। कार्मिक विभाग का नया सर्कुलर प्रशासनिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है। सरकारी बैठकों के दौरान नाश्ते को लेकर इस तरह का यह पहला आदेश है। बैठकों के नाश्ते का मैन्यू बदलने के पीछे जनवरी के पहले सप्ताह में हुई बैठक में हुए फैसले को कारण बताया गया है। इस सर्कुलर के बाद अब सचिवालय की बैठकों में नाश्ते की प्लेट का मैन्यू बदल जाएगा।

## सांसद बोहरा ने रावत पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के साथ देखी परीक्षा पे चर्चा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने प्रताप नगर स्तिथ रावत पब्लिक स्कूल के निर्मला ऑडिटोरियम में विद्यार्थियों के साथ प्रधानमंत्री का परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि सांसद रामचरण बोहरा द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ।

कार्यक्रम में 1100 से अधिक विद्यार्थियो, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने भाग लिया। प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न हिस्सों से आए विद्यार्थी, अभिभावक, टीचर्स एवं ऑनलाइन माध्यम द्वारा द्वारा पूछे गए प्रश्नों का बहुत ही सुरुचिपूर्ण तरीके से उत्तर दिया। विद्यार्थियो को परीक्षा के दौरान स्ट्रेस फ्री रहने के साथ साथ उन्हे कॉन्फिडेंस बिल्डिंग के तरीके बताए गए साथ साथ अभिभावकों को भी परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार किए जाने के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने शिक्षकों एवम विद्यार्थियो के बीच स्पेशल बॉन्डिंग की बात की। रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी एस रावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि एक पॉजिटिव सोच हमेशा सफलता का मार्ग प्रदर्शित करती है। कार्यक्रम के संयोजक एवं रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक नरेंद्र सिंह रावत ने विद्यार्थियो को निरंतर प्रयास के लिए प्रोत्साहित किया। सांसद ने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का बहुत ही प्रेरणादाई रूप से उत्तर दिया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या मैत्रेयी शुक्ला ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।



**कांग्रेस ने शुरू की लोकसभा चुनावों की तैयारियां :** पीसीसी मुख्यालय पर बैठक आयोजित

# रंधावा, डोटासरा और टीकाराम आज से करेंगे प्रदेश का दौरा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में देश के युवा, किसान, नारी, श्रमिक एवं भागीदारी का न्याय के मुद्दे पर कांग्रेस द्वारा निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा तथा आगामी लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारियों के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राजस्थान प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा, प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा तथा राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली 31 जनवरी से प्रदेश का दौरा प्रारम्भ करेंगे। प्रथम चरण में विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में लोकसभावार कांग्रेस कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम के माध्यम से लोकसभा निवार्चन क्षेत्र के प्रमुख कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में चर्चा कर दिशा निर्देश प्रदान करेंगे।

पीसीसी के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि एआईसीसी के राजस्थान प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा, प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा तथा राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली 31 जनवरी को श्रीगंगानगर पहुंचेंगे। इसके बाद एक फरवरी को लोकसभा क्षेत्र श्रीगंगानगर, दो फरवरी को लोकसभा क्षेत्र बीकानेर, तीन फरवरी को लोकसभा क्षेत्र बाड़मेर, चार फरवरी को लोकसभा क्षेत्र नागौर, पांच फरवरी को लोकसभा क्षेत्र चूरू, छह फरवरी को लोकसभा क्षेत्र सीकर व झुंझुनूं तथा सात फरवरी को लोकसभा क्षेत्र जयपुर ग्रामीण में लोकसभा कांग्रेस कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में कांग्रेस के उक्त लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रमुख कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

चतुर्वेदी ने बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं प्रदेश चुनाव समिति के चेयरमेन गोविन्द सिंह डोटासरा ने प्रदेश चुनाव समिति के सदस्यों का समूह गठित कर कार्य विभाजन किया है जिसके तहत समिति के दो सदस्यों का समूह आवंटित लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों का 05 फरवरी, 2024 तक दौरा कर प्रमुख कांग्रेसजनों से फीडबैक प्राप्त करेंगे।

### घोषणा पत्र बनाने को लेकर नेताओं और कार्यकर्ताओं से मांगे सुझाव



आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के लिए कांग्रेस के घोषणा पत्र के लिए राजस्थान प्रदेश से सुझाव प्राप्त करने के लिए शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक पीसीसी मुख्यालय पर आयोजित की गई। राजस्थान विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष तथा विधानसभा चुनाव घोषणा पत्र समिति के चेयरमेन डॉ. सी. पी. जोशी ने इस बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान एआईसीसी द्वारा गठित चुनाव घोषणा पत्र समिति के सदस्य विधायक जिग्नेश मेवानी ने प्रदेश के विभिन्न सामाजिक संगठनों, समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों, सिविल सोसायटी के सदस्यों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं, नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों से सुझाव प्राप्त किए।

## उत्साह से मनाया गणतंत्र दिवस





**जयपुर @ जागरूक जनता।** सनराइज सिटी निवारू सुहान प्ले स्कूल परिवार हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 75वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। ध्वजारोहण व राष्ट्रीय गीत के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ छोटे-छोटे बच्चों ने बहुत ही सुंदर डांस करके सभी लोगों का व अतिथियों का मनमोहन लिया। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि संदीप यादव EX जिला पार्षद महेंद्रगढ़ और गणमान्य EX आर्मी रामपाल यादव, दीपेंद्र सिंह, प्रदीप यादव, वीरेंद्र यादव, जितेंद्र सिंह पलाड़ा, सन्दीप पारीक, ज्योति प्रकाश यादव, K K स्वामी, राजेंद्र स्वामी, अजीत निर्वाण, सुभाष रॉय, तथा उपस्थित सनराईजर सिटी निवासियों तथा सुहान प्ले डायरेक्टर विजय लक्ष्मी नरेंद्र यादव समस्त विद्यालय परिवार द्वारा आयोजन किया गया। राहत आदिशक्ति फाउंडेशन के फाउंडर संदीप पारीक की ओर से सभी बच्चों को सर्टिफिकेट दिए गए। कार्यक्रम मंच संचालन राजेश जांगिड़ (आलोदा) व पूरणमल जवान भाई द्वारा किया गया।



### ईआरसीपी को लेकर राजस्थान-एमपी में एमओयू साइन: राजस्थान और मध्य प्रदेश के 13-13 जिलों को मिलेगा पानी

# प्रदेश के 13 जिलों में 2.80 लाख हैक्टेयर क्षेत्र के लिए पानी मिलेगा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** ईआरसीपी में पानी के बंटवारे को लेकर राजस्थान और मध्य प्रदेश में समझौता हो गया। दिल्ली में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की मौजूदगी में राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एमओयू साइन किया। एमपी के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि राजस्थान और मध्य प्रदेश के बीच कुछ मुद्दों पर सहमति भी थी। रविवार को जब मैं जयपुर पहुंचा तब मेरी राजस्थान के सीएम भजनलाल से भी इस मुद्दे पर बात हुई, लेकिन सहमति नहीं बन पाई। वहीं अब केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह ने सहमति बनवाई। बता दें कि इस योजना में राजस्थान और मध्य प्रदेश के 13-13 जिलों को पानी मिलेगा। इस एमओयू के तहत मध्यप्रदेश में 7 बांध बनेंगे।




### जयपुर में दोनों मुख्यमंत्रियों ने की थी बैठक

**समझौते** से पहले दिन में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जयपुर पहुंचकर भजनलाल शर्मा के साथ बैठक की। दोनों ने जयपुर में साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस करके ईआरसीपी पर काम आगे बढ़ाने की बात कही थी। बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ईआरसीपी राजस्थान और मध्यप्रदेश के लिए महत्वपूर्ण परियोजना है। इससे राजस्थान के 13 जिलों में 2.80 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षेत्र के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ईआरसीपी से राजस्थान के 13 जिलों (झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, करौली, धौलपुर, भरतपुर, दौसा, अलवर, जयपुर, अजमेर एवं टोंक जिलों) को पानी की समस्या से राहत मिलेगी। यह परियोजना पूर्वी राजस्थान के लोगों के लिए वरदान साबित होगी।

**इस** योजना के सही ढंग से लागू होने से काफी फायदा होगा। खेती के साथ ही औद्योगिक विकास और पर्यट न को भी तेजी मिलेगी।
**-मोहन यादव,** मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश

**ईआरसीपी** योजना पिछले लंबे वक्त से लंबित चल रही थी। ऐसे में इसका एमओयू होना हमारे लिए काफी सुखद है।
**-भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान

**आज** का समझौता दोनों राज्यों के लिए स्वर्णिम दिन है। इस योजना का काम पूरा हो जाने के बाद दोनों राज्यों की 5 लाख 60 हजार हेक्टेयर नई जमीन सिंचाई के अधीन आएगी। इसके साथ ही अगले 30 से 40 सालों तक पेयजल की समस्या का भी समाधान होगा।
**- गजेंद्र सिंह शेखावत,** कें द्रीय जल शक्ति मंत्री

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर किए श्रद्धासुमन अर्पित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शहीद दिवस पर शासन सचिवालय स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। शर्मा ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं ज्ञात-अज्ञात शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने यहां गांधी जी के प्रिय भजनों 'वैष्णव जन तो तेने कहिये, रघुपति राघव राजा राम, राम रतन धन पायो, श्री राम जय राम, तू ही है तो सहारा' को सुना। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव, सचिवालय कर्मचारी संघ के पदाधिकारी एवं अधिकारी-कर्मचारियों उपस्थितथे।



## बागवानी शिखर सम्मेलन 1 से

**जयपुर @ जागरूक जनता।** सोसायटी फॉर हार्टीकल्चर रिसर्च एडं डवलपमेंट (एसएचआरडी) व श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विवि जोबनेर और सब्जी विज्ञान संभाग पूसा, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय तीसरा भारतीय बागवानी शिखर सम्मेलन और सह अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन एक फरवरी से राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा में किया जा रहा हैं। सोसायटी के अध्यक्ष और कृषि विवि जोबनेर के कुलपति डॉ. बलराज सिंह ने बताया कि देश में खाद्यान्न की तुलना में बागवानी फसलों का उत्पादन हर साल बढ़ रहा हैं। नई तकनीक और नई किस्मों के विकास से यह संभव हुआ है। इसके परिणामस्वरूप देश के सकल घरेलू उत्पाद में बागवानी का योगदान 30 फीसदी के करीब पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि बागवानी उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए तकनीकी हस्तक्षेप विषयक इस शिखर सम्मेलन के दौरान बागवानी फसलों का उत्पादन और उत्पादकता बढाने पर देश-विदेश के शीर्ष उद्यानिकी वैज्ञानिक मंथन करेंगे।




# ग्रामीण ओलम्पिक खेलों में यदि भ्रष्टाचार हुआ है तो जांच करवाई जाएगी-खेल मंत्री

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय हुए राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों में केवल टी-शर्ट इत्यादि की खरीद पर हुए व्यय में यदि कोई भ्रष्टाचार हुआ है तो राज्य सरकार वित्त विभाग के माध्यम से इसकी पूरी जांच कराएगी।

कर्नल राठौड़ प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि यह गंभीर चिन्ता का विषय है कि पूर्ववर्ती सरकार के समय 126 करोड़ रुपए की राशि इनकी खरीद पर व्यय कर दी गई। उन्होंने कहा कि खेल विभाग के बजट से भी 4 गुना अधिक बजट इन खेलों के आयोजन में किया गया और किसी भी नए स्टेडियम अथवा स्थायी परिसंपत्ति का निर्माण नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि मुख्य खेल अधिकारी के चयन को लेकर भी किसी तरह की अनियमितता हुई है तो उसकी भी जांच कराई जाएगी। इससे पहले विधायक मनोज कुमार के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में खेल मंत्री ने बताया कि प्रदेश में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल-2022 में 40 करोड़ 92 लाख 56 हजार 890 की राशि व्यय हुई। राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक खेल- 2023 में 155 करोड़ 46 लाख 72 हजार 500 रुपए की राशि व्यय हुई। उन्होंने इन दोनों प्रतियोगिता के आयोजन में हुए व्यय का विवरण सदन के पटल पर रखा। राठौड़ ने बताया कि ग्रामीण ओलंपिक खेलों के आधार पर राज्य, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभाओं के चयन या सरकारी सेवा में आउट ऑफ टर्न नियुक्ति दिये जाने का प्रावधान नहीं है। राठौड़ ने बताया कि ग्रामीण ओलंपिक खेलों में हुए व्यय की अभी तक कोई जांच नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि विधायक की मांग को देखते हुए ग्रामीण ओलंपिक खेलों में हुए व्यय की जांच करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि राजस्थान क्रीडा सहायता अनुदान नियम के तहत 7,145 आवेदन प्राप्त हुए, जिनकी समीक्षा व प्रमाणीकरण पश्चात पात्र खिलाडियों को देय राशि का निर्धारण होगा। उन्होंने बताया कि आउट आफ टर्न सरकारी सेवा में नियुक्ति हेतु 142 खिलाड़ियों के आवेदन चयन प्रक्रियाधीन है।

## शहीद दिवसः ट्रोमा सेंटर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** ट्रोमा सेंटर के नोडल अधिकारी डॉ अनुराग धाकड ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशों के अनुपालन में ट्रोमा सेंटर में राष्ट्रपिता के त्याग का स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रातः 10.30 बजे ट्रोमा सेंटर के कर्मचारियों ने पुष्पांजलि अर्पण करते हुए रामधुनि गायी एवं 11 बजे दो मिनिट का मौन धारण किया। साथ ही राष्ट्पिता के सेवा एवं त्याग के मार्ग पर चलते हुए कोरोना काल में अपने जीवन की आहुति देने वाले सभी चिकित्सा कर्मियों को भी नमन किया। इस कार्यक्रम में ट्रोमा सेंटर के उप अधीक्षक डॉ जगदीश मोदी, सीनियर प्रोफेसर डॉ पंकज जैन, नर्सिंग अधीक्षक श्रीगंगा लाल, डॉ सोनल टाक, लैब इंचार्ज डॉ विजय लक्ष्मी, सभी वार्ड के इंचार्ज, सुरक्षा कर्मी, सफ़ाई कर्मी, वार्ड ब्वाय उपस्थित रहे।




## नए जिला कारागृह बनने पर हो सकेगा आबादी क्षेत्र में जेलों के संचालन की समस्या का समाधान

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्रसिंह ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि नए जिला कारागृह बनने पर कैदियों को इनमें शिफ्ट किया जा सकेगा। इससे आबादी क्षेत्र में कारागृहों के संचालन तथा इनमें क्षमता से अधिक बंदियों को रखने की समस्या का समाधान हो सकेगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों पर कारागार मंत्री की ओर से जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय वित्तीय स्वीकृति दिलाकर आबादी क्षेत्र में चल रही जयपुर सेन्ट्रल जेल को अन्यत्र शिफ्ट किया जा सकता था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। गजेंद्र सिंह ने केंद्रीय कारागृह जयपुर में कैदियों की संख्या की जानकारी देते हुए कहा कि 1173 बंदियों की क्षमता की इस जेल में वर्तमान में 1587 कैदी हैं, जिनमें 406 सजायाफ्ता एवं 1181 विचाराधीन कैदी हैं। श्यालावास (दौसा) के कारागृह में 700 कैदियों को रखा जा सकता है। अभी वहां 340 कैदी हैं जिनमें से 64 केन्द्रीय कारागृह जयपुर से वहां गए हैं।



## सम्पादकीय

# भारत को मिले जगह

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतारेज ने हाल ही में UNSC में सुधार की बात कही। वहीं दुनिया के बड़े उद्योगपतियों में शामिल इलन मस्क ने सुरक्षा परिषद में भारत को शामिल होने का मुद्दा उठाया।

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की जरूरत को एक बार फिर रेखांकित करते हुए कहा कि संस्थानों में आज की दुनिया की हकीकत झलकनी चाहिए न कि 80 साल पहले की। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स (पहले ट्विटर) पर यह बात लिखी थी। इसमें उन्होंने साउथ अफ्रीका को स्थायी सदस्यता नहीं मिलने का जिक्र किया था। लेकिन टेस्ला कंपनी के संस्थापक इलॉन मस्क ने इसे नया संदर्भ देते हुए कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश होने के बावजूद भारत को सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता नहीं मिली है, जो ठीक नहीं है।

**संयुक्त राष्ट्र का गठन द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद की स्थितियों में हुआ था। यह आज तक 80 साल पहले के उसी शक्ति समीकरण की नुमाइंदगी कर रहा है। इस बीच हालात में जमीन-आसमान का अंतर आ चुका है। अगर सुरक्षा परिषद के वीटो पावर से लैस पांच स्थायी सदस्य राष्ट्रों पर ही नजर डाल ली जाए तो आज का ब्रिटेन उस समय के ब्रिटेन की छाया मात्र रह गया है।**

संयुक्त राष्ट्र का गठन द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद की स्थितियों में हुआ था। यह आज तक 80 साल पहले के उसी शक्ति समीकरण की नुमाइंदगी कर रहा है। इस बीच हालात में जमीन-आसमान का अंतर आ चुका है। अगर सुरक्षा परिषद के वीटो पावर से लैस पांच स्थायी सदस्य राष्ट्रों पर ही नजर डाल ली जाए तो आज का ब्रिटेन उस समय के ब्रिटेन की छाया मात्र रह गया है। रूस को लीजिए तो इसे सुरक्षा परिषद में सोवियत संघ की जगह भले दे दी गई हो, शक्ति और प्रभाव में उसका सोवियत संघ से कोई मुकाबला नहीं। भारत के रूप में अगर दुनिया का सबसे बड़ी आबादी और पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश इससे बाहर है तो साउथ अफ्रीका को स्थायी सदस्यता न मिलना भौगोलिक पूर्वाग्रह दर्शाता है। इसी तरह साउथ अमेरिका भी इससे वंचित है और यूरोप की सबसे बड़ी इकॉनमी जर्मनी भी। इन असंगतियों का नतीजा यह हुआ है कि सुरक्षा परिषद अंतरराष्टीय संस्था के तौर पर प्रभावी भूमिका निभाने में लगातार नाकाम साबित हो रहा है। सभी स्थायी सदस्य राष्ट्र अपनी वीटो पावर का इस्तेमाल अपने संकीर्ण हितों के लिए करते हैं। यही वजह है कि संयुक्त राष्ट्र यूक्रेन और गाजा युद्ध रुकवाने में कोई भूमिका नहीं निभा पाया है।

यह तय है कि जब भी सुरक्षा परिषद में सुधार का मसला अजेंडा पर आएगा, भारत की तगड़ी दावेदारी बनेगी। न केवल संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस बल्कि अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस भी भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन करते रहे हैं। लेकिन यह भी लगभग तय माना जा रहा है कि सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य राष्ट्र चीन ऐसे किसी भी प्रस्ताव को हर हाल में रोकना चाहेगा।

हालांकि आज की बहुध्रुवीय दुनिया में जी20, क्वॉड, I22 जैसे तमाम मंच हैं जो अंतरराष्ट्रीय मसलों को निपटाने में कहीं ज्यादा कारगर भूमिका निभा रहे हैं। इन तमाम मंचों पर भारत अहम प्लेयर के रूप में मौजूद है। लेकिन अगर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को प्रासंगिक बनाना है तो उसमें भारत जैसे देशों को समुचित जगह मिलनी चाहिए।

---

**समाज की यह सोच महिलाओं पर भावनात्मक दबाव बनाती है कि वे खुद ही श्रम बाजार से अलग हो जाएं। दरअसल, श्रम बाजार पर पुरुष सत्तात्मक व्यवस्था का आधिपत्य कोई नवीन घटना नहीं है, अपितु यह तो वह व्यवस्थागत प्रयास है जिसे सदियों पूर्व सचेष्ट स्थापित किया गया था।**

# आपदा का अंतिम चरण महिलाएं

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



ज्ञानेन्द्र मिश्रा
पत्रकार
@jagrukjanta.net



बीते समय में झांकने पर ऐसा महसूस होता है कि किसी भी विपदा, आपदा, युद्ध, संग्राम आदि की अंतिम कड़ी महिला ही रही है। आपदा किसी भी रूप में आए, उसका सर्वाधिक असर महिलाओं पर ही पड़ता है। उनकी आवश्यकताओं से लेकर स्वास्थ्य और सामाजिक व आर्थिक स्थिति तक प्रभावित होती है, विशेषकर उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता। देशकाल की सीमाओं से परे यह विश्वास अभी भी जड़ें जमाए बैठा है कि महिलाओं का मूल काम घरेलू दायित्वों का निर्वहन ही है। हालांकि समय के मानवाधिकारों के तथाकथित पैरोकारों ने आधी दुनिया को समानांतर स्थान देने की सतही भूमिका निभाई है। परंतु वास्तविकता यह है कि पुरुष सत्तात्मक व्यवस्था इस मिथक को निरंतर स्थापित करने की चेष्टा करती रही है कि महिलाओं की शारीरिक और मानसिक क्षमताएं पुरुषों से सदैव ही कमतर रहीं हैं और इसी सोच के चलते उन्हें हाशिए पर धकेल दिया जाता है।

दुनिया के हर हिस्से में वे अनौपचारिक अर्थव्यवस्था से जुड़ी हैं। सामान्य परिस्थितियों में महिलाओं के लिए रोजगार पाना एक बहुत बड़ी चुनौती है, परंतु आर्थिक संकट के समय उन्हें सर्वाधिक नकारात्मक परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है और फिर उनकी बहाली का लाभ भी उन्हें पुरुषों की तुलना में देर से मिलता है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आइएलओ) के एक ताजा शोध में यह तथ्य सामने आया है कि कोरोना महामारी के कारण पुरुषों के मुकाबले महिलाओं के रोजगार पर ज्यादा बुरा असर पड़ा है। अब प्रश्न यह उठता है कि ऐसा क्यों? दरअसल, विश्व के सभी देशों में यह पूर्वाग्रह बड़ी मजबूती से उभर कर आया है कि आर्थिक संकट के समय नौकरी पर महिलाओं की तुलना में पुरुषों का अधिकार कहीं ज्यादा है।

**मानव सभ्यता को जन्मना बता कर यथार्थ को नजरअंदाज करने की ऐसी पराकाष्ठाएं सदैव ही समाज को भ्रमित करती रही हैं। इन्हीं विचारधाराओं का परिणाम यह रहा कि आज भी श्रम विभाजन के लैंगिक आधार का समर्थन किया जाता है और इसके पीछे तर्क यह दिया जाता है कि महिलाएं पुरुषों की अपेक्षाकृत जैविक रूप से दुर्बल हैं और इसीलिए कठिन कार्य करने में अक्षम हैं।**

समाज की यह सोच महिलाओं पर भावनात्मक दबाव बनाती है कि वे खुद ही श्रम बाजार से अलग हो जाएं। दरअसल, श्रम बाजार पर पुरुष सत्तात्मक व्यवस्था का आधिपत्य कोई नवीन घटना नहीं है, अपितु यह तो वह व्यवस्थागत प्रयास है जिसे सदियों पूर्व सचेष्ट स्थापित किया गया था और जिसका स्पष्ट उद्देश्य था- अर्थव्यवस्था पर नियंत्रण। स्त्रियों को स्वभावतः घरेलू सिद्ध करना या घर को ही उनका कार्य क्षेत्र बताना किसी स्वतंत्र सोच और वैज्ञानिक समाज का परिचायक नहीं है। दुर्भाग्यपूर्ण परंतु कटु सत्य यह है कि इस विचारधारा का निर्माण तथाकथित बुद्धिजीवी वर्ग भी स्थापित करता रहा है।लियोनेल टाइगर और रोबिन फॉक्स ने अपनी पुस्तक 'द इंपीरियल एनिमल' में इस बात को उल्लेखित किया है कि प्रत्येक व्यक्ति की दृष्टि में लैंगिक श्रम विभाजन जैविक या वंशानुगत होता है। स्त्री पर पुरुष का आधिपत्य लिंगगत जैविक विशेषता है। मानव सभ्यता को जन्मना बता कर यथार्थ को नजरअंदाज करने की ऐसी पराकाष्ठाएं सदैव ही समाज को भ्रमित करती रही हैं। इन्हीं विचारधाराओं का परिणाम यह रहा कि आज भी श्रम विभाजन के लैंगिक आधार का समर्थन किया जाता है और इसके पीछे तर्क यह दिया जाता है कि महिलाएं पुरुषों की अपेक्षाकृत जैविक रूप से दुर्बल हैं और इसीलिए कठिन कार्य करने में अक्षम हैं।

पर क्या यह सत्य है? कुछ समय पूर्व वैज्ञानिकों ने दक्षिणी अमेरिका की इंडीज पर्वतमाला में नौ हजार साल पुराने एक ऐसे स्थान का पता लगाया जहां महिला शिकारियों को दफनाया जाता था। इस खोज ने उन सभी विचारधाराओं को चुनौती दी है जिसमें न केवल महिलाओं को शारीरिक रूप से कमतर बताया जाता रहा है, बल्कि इसके साथ ही इस सत्य को भी नकार दिया है जिसमें कहा जाता है कि आरंभ में मानव को जब भी भोजन चाहिए होता था तब पुरुष शिकार करते थे और महिलाएं भोजन एकत्रित करती थी। साइंस एडवांसेस जनरल में प्रकाशित यह शोध उस अवधारणा के बिल्कुल उलट है जिसके हिसाब से माना जाता था कि उस समय के समाज का ढांचा एक 'हंटर गैदरर सोसाइटी' के रूप में गठित था। शोधकर्ता इस अध्ययन के आधार पर यह कहते हैं कि लिंग आधारित काम के बंटवारे का कोई प्राकृतिक आधार नहीं है। वास्तविकता भी यही है कि श्रम विभाजन का लैंगिक विभेद किसी प्राकृतिक आधार के कारण नहीं, अपितु उस सामाजिक ताने-बाने की उपज है जहां मूल प्रश्न सत्ता पर नियंत्रण का है। इन सबसे अधिक पीड़ादायक तथ्य यह है कि महिलाओं की क्षमता पर प्रश्न उठाने वाली पितृसत्तात्मक व्यवस्था आवश्यकता अनुरूप महिलाओं के श्रम को विकल्प के रूप में इस्तेमाल करती है।प्रथम विश्व युद्ध से पूर्व यानी अठारहवीं सदी तक महिलाएं सिर्फ वस्त्र उद्योग से जुड़े व्यवसायों में ही संलग्न थीं, जहां उन्हें कम वेतन और जोखिम भरे हालात में काम करना पड़ता था। परंतु प्रथम विश्व युद्ध ने महिलाओं को पुरुषों के लिए पहले से चली आ रही आरक्षित भूमिका और व्यवसाय में स्थानांतरित करने का अभूतपूर्व अवसर प्रदान किया, क्योंकि अधिकांश स्वस्थ पुरुष सेना या सैनिक कार्य में शामिल हो गए थे। इसलिए उनकी जगह युद्धकालीन स्थिति में अर्थव्यवस्था को संचालित करने के लिए कार्यबल की आवश्यकता थी। जिन महिलाओं को निरंतर यह पाठ पढ़ाया जाता था कि उनकी वास्तविक जगह घर के भीतर है, यकायक अपनी आवश्यकता के लिए उन्हीं महिलाओं को उनकी क्षमताओं का एहसास कराया गया। परिवहन, अस्पताल, उद्योग यहां तक कि हथियारों की फैक्ट्रियों में भी महिलाओं ने काम किया। महिलाओं ने जिन स्थितियों में काम किया, वे कम खतरनाक नहीं थीं। विस्फोटक सामग्री बनाने वाले कारखाने विशेषरूप से खतरनाक थे। इन कारखानों के खतरनाक रसायनों से महिला श्रमिकों की त्वचा पीली होने के कारण उन्हें 'कैनरी' उपनाम दिया गया। महिलाओं की कम ताकत और विशेष स्वास्थ्य समस्याओं का उलाहना देने वाली व्यवस्था ने 1919 में 'द सेक्स डिसक्वालीफिकेशन' अधिनियम पारित कर दिया। यह अधिनियम इस प्रावधान को लेकर आया था कि लिंग भेद के कारण नौकरी से महिलाओं को बाहर करना अवैध होगा।

---

# ईसबगोल के फायदे कई हैं यदि जानकारी पूरी हो

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



डॉ. रामवतार शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

अ**सबगोल** एक घुलनशील रेशे वाला हर्ब है जो आंतों के लिए पूर्ण सुरक्षित होता है। इसका रेशा पानी को पकड़ता है इसलिए यह आंतों में फूल जाता है जिसके फलस्वरूप व्यक्ति का मल भारी और मुलायम हो जाता है। अपने इसी गुण के कारण ईसबगोल कब्ज की सबसे बेहतरीन दवा माना जाता है जिसके कोई भी अन्य हानिकारक प्रभाव नहीं होते हैं। अन्य घुलनशील रेशों के तरह ईसबगोल भी बिना विभक्त है मानव आंतों में से गुजर जाती है और इसका पाचन तथा अवशोषण (अब्सोर्पशन) नहीं होता है जोकि एक महत्वपूर्ण गुण हो गया। ईसबगोल धरती पर मुख्यतया भारतीय उपमहाद्वीप में ही पाया जाता जाता है और इसके भूसी और बीज दोनो ही हर्बल दवा के रूप में काम आते हैं। बाजार में यह भूसी, कैप्सूल, दानों या पाउडर के रूप में उपलब्ध होती है इसलिए व्यक्ति अपनी रुचि के अनुसार इसका उपयोग कर सकता है।

ईसबगोल का सर्वविदित उपयोग तो कब्ज दूर करने के लिए माना जाता है। जैसा कि बताया गया है यह घुलनशील रेशा पानी को अपने साथ अत्यधिक मात्रा में बांधता है जिसके फलस्वरूप आंतों में फूला हुआ और चिकना मल निर्मित हो जाता है जो आंतों का सक्रिय कर देता है जिससे कब्ज दूर हो जाती है। बेहतर असर के लिए इसबगुल भोजन के कुछ समय पहले सुबह शाम दोनों समय लेनी चाहिए। इसकी एक समय की मात्रा 10-15 ग्राम के बीच होनी चाहिए और यह एक पूरे गिलास पानी के साथ लेनी चाहिए। परिणाम को और बेहतर बनाने के लिए एक से डेढ़ घंटे बाद एक पूरा गिलास सादा पानी और पीना चाहिए। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से ईसबगोल कब्ज दूर करने का सबसे सुरक्षित ही नहीं एक फायदों से भरा कदम भी होता है। चूंकि ईसबगोल पानी को बांधता है तो दस्त की बीमारी में भी इसका उपयोग होता है जहां कोई 30 ग्राम ईसबगोल तुरंत दो गिलास पानी के साथ लेने से शरीर से पानी का निकास कम हो जाता है। यहां ध्यान रहे कि ईसबगोल का मुख्य कार्य पानी के निकास को रोकना है ताकि व्यक्ति डिहाइड्रेशन से बच सके। इसलिए ईसबगोल का उपयोग अन्य दवाओं के सामंजस्य में करना चाहिए। जहां पानी का बंधाव होता है वहां चीनी भी बंध जाती है इसलिए यदि डायबिटीज का रोगी नियमित रूप से ईसबगोल का सेवन करे तो भोजन की शक्कर धीरे धीरे रक्त में जाएगी जिसके कारण रक्त में शक्कर के स्तर भी कम ही बढ़ पाएंगे। चूंकि ईसबगोल पेट के भरे होने का अहसास पैदा करती है तो व्यक्ति की भूख नियंत्रित हो जाती है जिसके फलस्वरूप उसका वजन नियंत्रित हो जायेगा। वजन नियंत्रित होने से कोलेस्ट्रॉल और रक्तचाप नियंत्रण में सहायता मिलेगी जिसके कारण हृदय का स्वास्थ्य बेहतर हो जायेगा। ईसबगोल एक प्रीबायोटिक भी है। प्रीबायोटिक नहीं पचने वाले यौगिक (नॉन डाइजेस्टिबल कंपाउड्स) होते हैं जो बड़ी आंतों के बैक्टीरिया को वातावरण और पौष्टिकता प्रदान करते हैं ताकि उनमें बेहतरीन संतुलन बना रहे और आंतों का माइक्रोबायोम स्वस्थ रहे।

# अनुभवों का आदान प्रदान परीक्षार्थी को देता मनोबल

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



डॉ. सुभाष सरकार
केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री
@jagrukjanta.net

आज की चुनौतियों भरे शैक्षणिक परिदृश्य में जब परीक्षाएं किसी पर्वत की ऊंची चोटी पर चढ़ाई के समान श्रमसाध्य महसूस होती हों तो तनाव से घिरना स्वाभाविक है। ऐसी चढ़ाई जिसमें हर कोई उम्मीदों की भारी गठरी लादकर चल रहा हो तब हमउम्र साथियों का सहयोग निश्चित ही यात्रा की चुनौतियां कम करने वाला होता है। कल्पना करें कि आप कदम से कदम मिलाते हुए एक साथ उस पहाड़ पर चढ़ रहे हैं। अनुभवों के आदान-प्रदान के इर्द-गिर्द घूमता साथियों का समर्थन इस विश्वास पर भी आधारित होता है कि चुनौतियों पर जीत हासिल कर चुके लोग दूसरों का मार्गदर्शन कर सकते हैं। पढ़ाई के तनाव को दूर करने में भी दोस्तों की ऐसी ही मदद काफी जरूरी होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी पुस्तक 'एग्जाम वॉरियर्स' में प्रत्येक विद्यार्थी को चिंतातुर नहीं बल्कि योद्धा बनने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। सही भी है, प्रत्येक विद्यार्थी योद्धा की भूमिका में आकर ही शैक्षणिक चुनौतियों पर जीत हासिल करता है। इतना जरूर है कि इस दौर में कुछ साथी योद्धाओं को परीक्षा के दौरान अत्यधिक तनाव और परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अपने दोस्तों की ओर मदद का हाथ बढ़ाना जरूरी है। कंधे से कंधा मिलाकर चलने पर परीक्षाओं से जुड़ी इस यात्रा को आसान बनाने के लिए सामूहिक शक्ति होना जरूरी है। यह भी अनिवार्य हो जाता है कि हम स्वयं के लिए ही नहीं, बल्कि अपने साथियों के लिए भी योद्धा की भावना से जुड़ें ताकि चुनौती के समय सहयोगपूर्ण मोर्चा तैयार हो सके।

हमउम्र साथियों का समर्थन, विभिन्न संदर्भों में काफी महत्त्व रखता है। यह सामान्य सिद्धांत भी है कि प्रतिकूल परिस्थितियों पर जीत हासिल करने वाले लोग, अपने समान चुनौतियों का सामना करने वाले अन्य लोगों को प्रोत्साहन दे सकते हैं। पढ़ाई के दौर में अलग-अलग तरह के तनाव दूर करने में यह दृष्टिकोण कारगर साबित होता है। अपने साथियों का सहयोग मिलने के बहुआयामी फायदे भी हैं। परीक्षा के दौरान पढ़ाई से जुड़ा तनाव साथियों की मदद से इसलिए आसानी से दूर हो जाता है क्योंकि स्कूल-कॉलेज में एक जैसी परिस्थिति की सामना करने वाले मित्र व वरिष्ठ साथियों का मार्गदर्शन ऐसे वक्त काफी काम आता है। अक्सर देखने को मिलता है कि परीक्षाओं के शुरुआती दिनों में परीक्षार्थी अनावश्यक भ्रम व चिंता के शिकार हो जाते हैं। ऐसे में दोस्तों की मदद और विचारों के आदान-प्रदान से समाधान के रास्ते तलाशने में मदद मिलती है। नतीजतन परीक्षा से जुड़े तनाव से खुद को अलग-थलग महसूस करने वालों को सम्बल मिलता है। यह भी उल्लेखनीय है कि ऐसे दौर में आपके साथियों के विचारों में जो स्पष्टता मिलती है वह किसी भी परीक्षा के पहले काफी मूल्यवान होती है। सही मायने में भावनाओं को व्यक्त करने की जगह, साथियों की ओर से सहयोग मिलना, विचारों और भावों की स्पष्टता को सुलझाने की सुविधा प्रदान करता है। ऐसे आदान-प्रदान से परीक्षाओं के तनाव में खुद के अलग-थलग पड़ने की सोच भी अक्सर कम हो जाती है।

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



तीन प्रकार के दुख है। देह के, मन के और वाणी के। देह क दुःखों को कष्ट कहते हैं। जैसे आँख का दुःखना, फोड़ा होना आदि। आत्म ज्ञानी कोमन के और वाणी के दुःख नहीं सताते। वह समभाव से उनका निपटारा कर लेता है। शरीर के दुःख तो आयेंगे ही इनके लिए क्या राना ये तो प्रारब्ध के फल हैद्व जो भोगने ही पड़ेंगे। हम अपने शरीर आदि के दुःखों के आलावा दूसरो को दुःख मोले लेते हैं। घर में स्त्री को बच चों को कुछहुआ तो हम चिंता में पड़ जाते है। संवेदनशीलता उनका उपचार करना आदि तो हमारा कर्तव्य है, किन्तु अपने ऊपर दुःख आरोपित करना कहां की समझदारी है। हम दुःख को गा गा कर और बढ़ाते जाते हैं। यही अज्ञानता दुःखों का कारण है।

जो वस्तु हमारे पास है, वह चली गई या जो हमें मिलनी चाहिए थी वह मिली नहीं उसके लिए हम दुःखी होते हैं। एक सज्जन को व्यापार में हर महीने एक लाख रुपया का लाभ होता था। एक महीने उसे अस्सी हजार ही नफा हुआ। वह घर आकर उदास और दुःखी हो रहा था, कारण बता रहा था, घाटा हो गया। जो मिला उसका आनन्द नहीं, कितनी बड़ी मूर्खता है। भगवान ने सब कुछ दिया है निरोगी काया, घर-परिवार, सम्पत्ति फिर भी हम दुःखी है। **क्रमशः**

---

## ओपिनियन

# इंसाफ की सरल हो न्यायिक प्रक्रिया

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



विजेन्द्र पाराशर
अधिवक्ता
@jagrukjanta.net



सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कहना मायने रखता है कि 'ईज ऑफ जस्टिस' हर भारतीय नागरिक का अधिकार है। मतलब यह सुनिश्चित करने से है कि सभी नागरिकों को न्याय सहज सुलभ महसूस हो। वह आसानी से मिले।

केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट दोनों की ही तरफ से हाल के दिनों में ऐसे कई कदम उठाए गए हैं, जो इस लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने में मददगार हो सकते हैं। जैसा कि खुद प्रधानमंत्री ने भी जिक्र किया औपनिवेशिक दौर के पुराने पड़ चुके कानूनों की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे नए कानून लाना बड़ा कदम है। हालांकि ये कानून अभी लागू नहीं हुए हैं और इनसे जुड़े कुछ पहलुओं पर पुनर्विचार की जरूरत भी महसूस की जा रही है, लेकिन फिर भी इस कदम की अहमियत को कम करके नहीं आंका जा सकता।

सुप्रीम कोर्ट की अगुआई में पिछले कुछ समय से न्यायपालिका में डिजिटाइजेशन पर खासा जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में ईकोर्ट्स मिशन के तीसरे फेज को भी मंजूरी मिल गई है, जिसमें कोर्ट के रिकॉर्ड्स के डिजिटाइजेशन समेत कई और क्षेत्रों में तकनीक का इस्तेमाल बढ़ाने का इरादा है। इन कदमों की अहमियत को स्वीकार करते हुए भी यह कहना जरूरी है कि 'ईज ऑफ जस्टिस' से जुड़े कुछ अन्य बेहद अहम पहलू हैं, जिन पर ध्यान देने की जरूरत है। सबसे बड़ा मसला है अदालतों में लंबित पड़े मुकदमों का। 2023 में पेंडिंग केसों की संख्या 5 करोड़ को पार कर गई। इनमें 1,69,000 मुकदमे ऐसे हैं, जो 30 साल से भी ज्यादा समय से हाईकोर्टों और जिला कोर्टों में लंबित हैं। सुप्रीम कोर्ट में जजों के खाली पद भरने का काम हुआ है, लेकिन हाईकोर्टों में अभी भी काफी पद खाली पड़े हैं। डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक (1 जनवरी 2024 को) देश के सभी 25 हाईकोर्टों में जजों के कुल 1,114 पद मंजूर हैं, लेकिन इन कोर्टों की मौजूदा वर्किंग स्ट्रेंग्थ 784 है। यानी हाईकोर्टों में जजों के 330 पद खाली हैं। ऐसे में जजों की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट और सरकार के बीच खींचतान की खबरें खास तौर पर परेशान करती हैं। कलीजियम सिस्टम की कमियों पर काफी बात हो चुकी है, इसमें भी दो राय नहीं कि जितनी जल्दी हो सके जजों की नियुक्ति की बेहतर व्यवस्था लाई जानी चाहिए, लेकिन जब तक ऐसा नहीं होता है तब तक सभी पक्षों का यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि मौजूदा व्यवस्था के सुचारू संचालन में कोई अतिरिक्त अड़चन न डाली जाए। इसके बगैर ईज ऑफ जस्टिस की बातों का व्यवहार में शायद ही कोई मतलब निकले।

जागरूक जनता Selfie विद सन



हर्ष सन लखन सिंह, अलवर

### हमे भेजें

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# पंचांग




ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री
साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

बुधवार, 31/01/2024

**सूर्योदय** : 07:17 **सूर्यास्त** : 18:03 **चन्द्रोदय** : 22:59 **चन्द्रास्त** : 10:18 **शक सम्वत** : 1945 सोभाकृतु **अमान्ता महीना** : पौष **पूर्णिमांत** : माघ **सूर्य राशि** : मकर **चन्द्र राशि** : कन्या **पक्ष** : कृष्ण **तिथि** : पंचमी, 11:35 तक **वार** : बुधवार **शक सम्वत** : 1945 शोभकृत **चन्द्रमास माघ** : पूर्णिमान्त **विक्रम सम्वत** : 2080 नल **पौष** : अमान्त **गुजराती सम्वत** : 2080 राक्षस

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र** : हस्त, 25:01 तक
**योग** : सुकर्माण, 11:36 तक
**प्रथम करण** : तैतिल, 11:35 तक
**द्वितिय करण** : गारा, 24:51 तक

## शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 05:25 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 05:51 ए एम से |
| विजय मुहूर्त | 02:23 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 05:56 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 05:59 पी एम से |
| अमृत काल | 06:22 पी एम से |
| निशिता मुहूर्त | 12:8 ए एम, फरवरी 1 से |
| सर्वार्थ सिद्धि योग | 07:10 ए एम से |
| रवि योग | 1:8 ए एम, फरवरी 1 से |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
चन्द्रवास : दक्षिण
होमाहुति : गुरू

## चौघड़िया

**दिन का चौघड़िया**

| | |
|---|---|
| लाभ | : 07:16 - 08:37 |
| अमृत | : 08:37 - 09:57 |
| काल काल वेला | : 09:57 - 11:18 |
| शुभ | : 11:18 - 12:39 |
| रोग वार वेला | : 12:39 - 14:00 |
| उद्वेग | : 14:00 - 15:21 |
| चर | : 15:21 - 16:41 |
| लाभ | : 16:41 - 18:02 |

**रात का चौघड़िया**

उद्वेग : 18:02 - 19:41
शुभ : 19:41 - 21:20
अमृत : 21:20 - 23:00
चर : 23:00 - 00:39
रोग : 00:39 - 02:18
काल : 02:18 - 03:57
लाभ : 03:57 - 05:36
उद्वेग : 05:36 - 07:15

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज पंचमी

### आज कौन सा कार्य करें

पंचमी समस्त शुभ कार्यों के लिए उत्तम है परंतु इस दिन ऋण कतई नहीं देना चाहिए।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।

**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋय दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।

**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट** : शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

माघ, कृष्ण, पंचमी, 2080 बुधवार, 31 जनवरी - 6 फरवरी, 2024

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
कम समय में अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मध्यान पश्चात मित्र-परिजनों के साथ मनोरंजन के अवसर मिलेंगे धार्मिक कार्यो में भी उपस्थिति देंगे। उत्तम भोजन वाहन सुख मिलेगा।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
**संतान** से पुराने मतभेद उभरने से पारिवारिक वातावरण अशान्त होगा। आर्थिक स्थिति बिगड़ने से कर्ज लेना पड़ सकता है। कार्य क्षेत्र पर आरंभिक बिक्री के बाद आज उदासीनता छायी रहेगी।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
क्रय-विक्रय के व्यापार से लाभ होगा विदेशी वस्तुओ के व्यापार में निवेश आगे के लिये लाभदायक रहेगा। प्रेम प्रसंगों में सम्बन्ध बिगड़ेंगे। संध्या बाद असंयमित दिनचर्या से थकान रहेगी।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
**नौकरी** पेशाओ को अतिरिक्त कार्य मिलने से असुविधा होगी काम लापरवाही से करेंगे। मित्रो के साथ बाहर घूमने का अवसर मिलेगा। ससुराल से लाभ होगा। पारिवारिक दायित्व बढ़ने से व्यस्तता रहेगी।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
आकस्मिक यात्रा के योग बनेंगे यात्रा में चोटादि का भय है सावधान रहें। सरकारी दस्तावेजो को संभाल कर रखें। संतान के कारण हानि हो सकती है। विदेशी अथवा दूर रहने वाले व्यक्ति से लाभ हो सकता है।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
नौकरीपेशा जातको को मेहनत का फल मिलेगा। विरोधियो पर विजय प्राप्त करेंगे। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। साहित्यकार, लेखक एवं पत्रकारों के लिए सप्ताह विशेष लाभदायक रहेगा।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
कार्य क्षेत्र या घर में परिवर्तन अथवा साज सज्जा में बदलाव भी कर सकते है समाज के प्रतिष्ठित लोगो से सम्मान मिलेगा लेकिन आर्थिक लाभ थोड़ा विलम्ब से होगा। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
**परिजनों** के साथ मित्रवत व्यवहार रहेगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति के कारण खर्च बढ़ने से असहज अनुभव करेंगे। उधार से बचे। सेहत ठीक रहेगी। आलस्य का वातावरण रहेगा।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
**व्यवहार** कुशलता व संतोषि स्वभाव से सम्मानित होंगे। उधारी वसूलने में परेशानी आ सकती है। घर में मेहमानों के आने से वातावरण आनंदित होगा। पारिवारिक खर्च बढ़ने से परेशानी भी होगी।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
**नए** कार्यो का आरंभ आज ना करें ना ही किसी को उधार दें। इसके बाद परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलने लगेगा लेकिन घरेलू आवश्यकताओं को नजरअंदाज करने से अशांति बढ़ेगी।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
**मित्र** परिजनों के साथ ज्यादा समय बिताना पसंद करेंगे। फिजूल खर्ची से बचें। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से सप्ताह उत्साह पूर्ण रहेगा।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
**आर्थिक** लाभ के लिए अधिक प्रयत्न करना पड़ेगा मध्यान के समय किसी मनोकामना की पूर्ति होने से प्रसन्न रहेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

## गणतंत्र दिवस समारोहः परेड में महिला शक्ति और संस्कृति की झलक दिखी

# बग्घी में साथ आए मुर्मु और मैक्रों

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

देश में शुक्रवार को 75वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस दौरान कई कार्यक्रम हुए। मुख्य कार्यक्रम राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर हुआ। इस बार गणतंत्र दिवस समारोह में फ्रांस के प्रेसिडेंट इमैनुएल मैक्रों चीफ गेस्ट थे। वे इस समारोह में भाग लेने वाले फ्रांस के छठे राष्ट्रपति हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और फ्रांस के प्रेसिडेंट इमैनुएल मैक्रों बग्घी से कर्तव्य पथ पहुंचे। 1984 के बाद ये पहली बार है, जब गणतंत्र दिवस के मौके पर राष्ट्रपति बग्घी से कर्तव्य पथ गए। राष्ट्रपति मुर्मू ने कर्तव्य पथ पर दूसरी बार तिरंगा फहराया। ध्वजारोहण के बाद कर्तव्य पथ पर परेड हुई। इस बार परेड में नारी शक्ति की झलक देखने को मिली। सबसे पहले 100 महिला आर्टिस्ट्स ने म्यूजिशियन शंख, नगाड़े और दूसरे पारंपरिक वाद्य-यंत्रों के साथ परेड की शुरुआत की। कर्तव्य पथ पर यूपी की झांकी के निकलते ही रामलला ने सबका मन मोह लिया। झांकी के बीच में दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल का मॉडल लगाया गया था। राजस्थान की झांकी ने भी सबको आकर्षित किया।



### पहली बार महिलाओं ने किया लीड

पहली बार ट्राई-सर्विस कंटिंजेंट, पैरा-मिलिट्री ग्रुप्स और पुलिस की टुकड़ियां को महिलाओं ने लीड किया। बीएसएफ, सीआरपीएफ और एसएसबी की महिलाकर्मियों ने रॉयल एनफील्ड पर सवार होकर करतब दिखाए। फ्लाईपास्ट में एयरफोर्स के 51 एयरक्राफ्ट हिस्सा लिया। इनमें 29 फाइटर प्लेन, 7 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट, 9 हेलिकॉप्टर और एक हेरिटेज एयरक्राफ्ट थे। फ्लाईपास्ट में पहली बार फ्रांसीसी सेना के राफेल भी शामिल हुए। परेड में फ्रांसीसी आर्मी म्यूजिक बैंड भी शामिल हुआ। इस बार गणतंत्र दिवस की थीम 'विकसित भारत' और भारत-लोकतंत्र की मातृका (जननी) थी। कर्तव्य पथ पर 16 राज्यों के साथ 9 मंत्रालयों/विभागों की झांकियां प्रदर्शित की गई।

## एनुअल एनसीसी पीएम रैलीः प्रधानमंत्री ने ली सलामी, कैडेट्स को किया संबोधित

# दुनिया को दिखाया हमारी बेटियां हर क्षेत्र में आगेः मोदी

पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एनुअल एनसीसी पीएम रैली में परेड की सलामी ली। इस मौके पर संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि इस साल देश 75वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। शुक्रवार को कर्तव्य पथ पर हमने देखा कि ये सेलिब्रेशन महिला केंद्रित था। हमने दुनिया को दिखाया कि भारत की बेटियां कितना अद्भुत काम कर रही हैं। हमने दिखा दिया कि भारत की बेटियां हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल कर रही हैं।

मोदी ने कहा कि इस साल वाइब्रेंट गांवों के 400 से अधिक सरपंच और देश के विभिन्न हिस्सों से विभिन्न स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 100 से अधिक महिलाएं यहां मौजूद हैं। एनसीसी की यह रैली 'एक विश्व, एक परिवार' के उद्देश्य को लगातार मजबूत कर रही है।



### भारत की बेटियां लोहा मनवा रहीं

**पीएम** ने कहा कि कभी बेटियों की भागीदारी सिर्फ सांस्कृतिक कार्यक्रमों तक सीमित रहती थी। आज दुनिया देख रही है कि भारत की बेटियां जल, थल, नभ और अंतरिक्ष में कैसे लोहा मनवा रहीं हैं। इसकी झांकी कल कर्तव्य पथ पर सबने देखी है। यह अचानक नहीं हुआ यह बीते 10 वर्षों के सतत प्रयास का परिणाम है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे।

## राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 8 से

**जयपुर।** राज्यसभा द्विवार्षिक निर्वाचन-2024 के लिए अधिसूचना आगामी 8 फरवरी को जारी होगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में राज्यसभा की 3 अप्रैल, 2024 को रिक्त हो रही 3 सीटों के लिए निर्वाचन सम्पन्न होना है। पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह एवं केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव रिटायर हो रहे हैं वही डॉक्टर किरोडी लाल मीणा ने विधायक चुने जाने के बाद राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया था।

मुख्य निवार्चन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अधिसूचना के साथ ही चुनाव प्रक्रिया प्रारम्भ हो जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 8 फरवरी से 15 फरवरी, 2024 तक नामांकन पत्र भरे जा सकेंगे। गुप्ता ने बताया कि राज्यसभा चुनाव की प्रक्रिया राज्य विधानसभा परिसर में होगी। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 16 फरवरी, 2024 को होगी, जबकि 20 फरवरी, 2024 तक अभ्यर्थी नाम वापस ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि आवश्यक होने पर मतदान 27 फरवरी, 2024 को प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक होगा।



## एपीआरओ नरेन्द्र सिंह का कलक्टर ने किया सम्मान

**गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 41 अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित**

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** गणतंत्र दिवस के मौके पर उत्कृष्ट कार्य एवं बेहतर प्रदर्शन के लिए जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने सहायक जनसंपर्क अधिकारी नरेन्द्र सिंह शेखावत सहित कोषागार, विधि शाखा, राजस्व शाखा, लेखा शाखा, रसद कार्यालय, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग सहित विभिन्न विभागों में पदस्थापित 41 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया। कलक्ट्रेट परिसर में आयोजित समारोह के दौरान कलक्टर ने कहा कि इस सम्मान से ना केवल अधिकारियों के मनोबल में अभिवृद्धि होगी साथ ही अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बेहतर कौशल एवं प्रतिभा से काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

## लीलाधारी हनुमान मंदिर में पौषबड़ा आयोजित



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित जे.पी. कॉलोनी लीलाधारी हनुमान मंदिर में पौषबड़ों का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पौषबड़ों की प्रसादी का आनंद लिया। कार्यक्रम में रामप्रसाद लड्ढ़ा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लीलाधारी हनुमान मंदिर में पौष बड़े, हलवा, पूरी-सब्जी का भोग लगाया गया। इस अवसर पर हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर को रंगबिरंगी रोशनी से सजाया गया। कार्यक्रम में कई संत एवं जनसेवकों ने उपस्थिति देकर इस पुनीत कार्य के सहभागी बने।

### राजस्थान ब्राह्मण महासभा शास्त्री नगर इकाई

## प्रतिभा सम्मान, विचार गोष्ठी व पौषबड़ा कार्यक्रम आयोजित




» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विद्याधर नगर सेक्टर-4 स्थित परशुराम भवन में राजस्थान ब्राह्मण महासभा की खण्ड इकाई शास्त्रीनगर ने प्रतिभा सम्मान समारोह व विचार गोष्ठी के साथ पौषबड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया। विचार गोष्ठी में युवा एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर शास्त्री नगर इकाई के अध्यक्ष एस.के. शर्मा ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। अपने स्वागत भाषण में एस.के. शर्मा ने युवा शक्ति एवं मातृशक्ति को आगे लाने के लिए किए जाने वाले प्रयासों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर हवा महल के विधायक व हाथोज धाम बालाजी के महाराजश्री बालमुकुन्दाचार्य ने अपना आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के दौरान राजस्थान ब्राह्मण महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष सुभाष पाराशर ने ग्रामीण महिलाओं की समस्याओं को उजागर करते हुए कहा कि इस ओर ध्यान देने की जरूरत है। अन्य वक्ताओं में कृष्ण कुमार शर्मा, नरेन्द्र सिखवाल, संजीव गौड़, कुसुमाकर शर्मा, श्रद्धा शर्मा, डॉ. पुरुषार्थ कुमार शर्मा, शिवदयाल मिश्रा व नंद किशोर शर्मा शामिल थे। इस अवसर पर युवा, महिला एवं वरिष्ठजनों का शॉल ओढ़ाकर, प्रशस्ति-पत्र व मोमेंटो भेंट किया गया। कार्यक्रम के अंत में एस.के. शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम समापन के बाद सभी आगंतुक अतिथियों ने पौषबड़ों का आनन्द लिया।

## नाहरसिंह बाबा के पौषबड़ों का भोग लगाकर भक्तों को जिमाया



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुरलीपुरा स्कीम की मुख्य सर्किल पर नाहरसिंह बाबा के मंदिर में पौषबड़ों का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पौषबड़ों की प्रसादी का आनंद लिया। कार्यक्रम के आयोजक मोहनलाल नामदेव ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नाहरसिंह बाबा के मंदिर में बाबा को पौष बड़ों का भोग लगाया। इस अवसर पर नाहरसिंह बाबा की विशेष झांकी सजाई गई। मंदिर को रंगबिरंगी रोशनी से सजाया गया। कार्यक्रम में कई संत एवं जनसेवकों ने उपस्थिति देकर इस पुनीत कार्य के सहभागी बने। इस मौके पर मोहनलाल नामदेव ने मुख्य अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया।

## प्रियंका को राज्यपाल मिश्र ने डिग्री प्रदान कर किया सम्मानित




**जयपुर @ जागरूक जनता।** अम्बेडकर लॉ यूनिवर्सिटी का द्वितीय दीक्षांत समारोह बुधवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। समारोह के अध्यक्ष राज्यपाल कलराज मिश्र व विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा थे। कार्यक्रम में प्रदेशभर के सम्बद्ध लॉ कॉलेजों के मैरिट सूची वाले विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। इस मौके पर गर्वमेंट लॉ कॉलेज, भरतपुर की छात्रा सत्र 2021 की टॉपर प्रियंका कटारा को राज्यपाल मिश्र एवं उपस्थित अतिथियों ने डिग्री प्रदान की। साथ ही प्रियंका के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में कुलपति सुधि राजीव ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह के दौरान विभिन्न कैटेगिरियों में मैरिट विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गई।

## अल्बा वॉचेस अब राजस्थान में



**जयपुर @ जागरूक जनता।** जापान की प्रतिष्ठित घड़ी निर्माता कंपनी सीको की सहयोगी संस्था एल्बा वॉचेस जल्द ही राजस्थान में लांच होने जा रही है। इस सिलसिले में सीको वॉचेस के फाइनेंस हेड रवि शंकरा ए.एस. और जनरल मैनेजर राजीव मल्होत्रा राजस्थान आएं। कम्पनी के नॉर्थ मैनेजर विशाल शर्मा एवं डिस्ट्रीब्यूटर लितेश ने उनका जयपुर में स्वागत किया। विशाल शर्मा ने बताया कि सीखो वॉचेस जल्द ही राजस्थान के सभी प्रमुख स्टोर पर उपलब्ध होगी। सीको वॉचेस अपनी अद्वितीय डिजाइन, उत्कृष्ट गुणवत्ता एवं किफायती मूल्य के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है।

## दीया कुमारी के जन्मदिन पर किया पौधरोपण



**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी के जन्मदिन के उपलक्ष में वार्ड 24 के सेक्टर 4 और जेपी कॉलोनी के कृष्णा पार्क में पौधा रोपण किया गया। इस दौरान वार्ड पार्षद रूप कंवर, वार्ड अध्यक्ष मनोज शर्मा युवा मोर्चा अध्यक्ष सतीश कुमार जागा, महिला मोर्चा हर्ष सागर और महिला मोर्चा मीडिया प्रभारी नीलम कुमावत वार्ड वासी रवि शंकर, लोकेश, हरिओम, एडवोकेट विक्रम सिंह, सुर्वी लाहोटी और अन्य गणमन व्यक्ति उपस्थित रहे।

# बियानी गर्ल्स कॉलेज में हर्षोल्लास से मनाया 75वां गणतंत्र दिवस

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित बियानी ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेज में 75वां गणतंत्र दिवस समारोह धुमधाम से मनाया गया। इस विशेष अवसर पर कार्यक्रम में कालवाड़ सरपंच त्रिवेन्द्र सिंह राजावत, झोटवाड़ा एसएचओ धर्म सिंह चेयरमैन डॉ. राजीव बियानी, निदेशक डॉ. संजय बियानी, जापान से आएं अनुसंधान एवं विकास निदेशक डॉ. मनीष बियानी, डीन डॉ.ध्यान सिंह गोठवाल, प्राचार्या डॉ. नेहा पांडे प्राचार्या डॉ एकता पारीक, स्टूडेंट वेलफेयर डीन सुमेधा बाजपेई ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।




इस अवसर पर डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी ने सभी को 75 वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि मैं चाहता हूं की आज गणतंत्र दिवस पर आप सभी आत्ममंथन करे की परिवार हो या आर्गेनाइजेशन या हो हमारा देश आप ये मत देखिये की आपको उन्होंने क्या दिया है आप ये देखिये की आपने उन्हें क्या दिया है । इस तरह की सोच अगर देश में सभी नागरिक में आ गई तो देश का विकास संभव है इसलिए मैं यह चाहता हूं कि आप आपके सपनों के भारत के लिए टीम वर्क करें और बदलाव लाए। साथ ही उन्होंने धर्म को साहस, ऊर्जा और उत्साह बताते हुए सभी को अपने अपने धर्म का पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अनुसंधान एवं विकास के निदेशक डॉ. मनीष बियानी ने कॉलेज के फिजिकल डेवलपमेंट विभाग को उनके अनुशासन और सफल परेड के लिए धन्यवाद दिया और कहा की आज मैंने यहां अद्भुत दृश्य को फील किया वो है अनुशासन और विकास इसलिए मैं यह चाहूंगा कि हम सभी आगे आने वाले 25 सालों में प्रग्रतिशील भारत को डेवलपमेंट कंट्री बना दे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देश प्रेम की भावना को उजागर करते हुए परेड के साथ देशभक्ति गीतो पर सेल्फ डिफेन्स और योग के विभिन्न स्टेप्स पर अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच नरेंद्र सिंह, सरपंच हनुमान सहाय, राजीव श्रीवास्तव, आनंद शर्मा, यमुना प्रसाद श्रीवास्तव, बालाजी फ्रैक्चर अस्पताल के निदेशक नरेंद्र यादव, उप सरपंच कालवाड़ रामनिवास शर्मा, ममता देवी बालोटिया ,ललिता देवी, रामसवरूप बुनकर, सूरज प्रजापत मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज के कालवाड़ कैंपस के प्रिंसिपल डॉ अजीत सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

**राष्ट्रीय पर्वः** राज्यपाल कलराज मिश्र ने किया ध्वजारोहण, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं विधानसभा अध्यक्ष प्रो. वासुदेव देवनानी भी समारोह में रहे उपस्थित

# उत्साह, उमंग और उल्लास से मनाया 75वां गणतंत्र दिवस

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

प्रदेश में राज्य स्तरीय 75 वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ सवाई मानसिंह स्टेडियम में राज्यपाल कलराज मिश्र के आतिथ्य में मनाया गया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने शुक्रवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित भव्य राज्य स्तरीय समारोह में ध्वजारोहण किया। उन्होंने इसके बाद परेड का निरीक्षण किया और सलामी गारद की और से प्रस्तुत मार्च पास्ट की सलामी ली। इससे पहले राज्यपाल ने अमर जवान ज्योति पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया और मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने वहां रखी पुस्तिका में अपनी ओर से शहीदों के प्रति शब्द कृतज्ञता भी अंकित की। इस अवसर पर उल्लेखनीय सेवाओं के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों व समाजसेवी लोगों को सम्मानित भी किया गया। समारोह में एमजीडी स्कूल, भारतीय सेना और राजस्थान पुलिस के सेन्ट्रल बैण्ड ने सधे कदम-ताल में देशभक्ति गीतों संग मधुर धुनों की प्रस्तुतियां दी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष प्रो. वासुदेव देवनानी और अन्य गणमान्य लोग भी समारोह में उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शाासन सचिवालय एवं बड़ी चौपड़ पर ध्वज फहराया।



### राजस्थान पुलिस ने किया शौर्य प्रदर्शन

उल्लास, उमंग और उत्साह से मनाए गए गणतंत्र दिवस पर्व में समारोह स्थल पर हाड़ीरानी महिला बटालियन, पुलिस आयुक्तालय जयपुर, जीआरपी, राजस्थान कारागार विभाग, पंजाब पुलिस, एसडीआआरएफ, तीसरी बटालियनआरएसी, बॉर्डर होमगार्ड, अरबन होमगार्ड, एनसीसी आर्मी, एयरविंग और नेवल विंग, स्काउट एवं गाइड, एमजीडी स्कूल आदि की टुकड़ियों ने परेड में हिस्सा लिया और साहसी प्रदर्शन करते हुए हैरतअंगेज करबत दिखाए। परेड का नेतृत्व आईपीएस निश्चय प्रसाद एम. ने किया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए

समारोह में महाराष्ट्र के कलाकारों ने सौंगी मुखोटों, पश्चिम बंगाल के कलाकारों ने छाऊ, गुजरात के कलाकारों ने डांडिया रास की प्रस्तुति दीं, वहीं राजस्थान के कलाकारों ने आंगी गैर, घूमर, कच्छी घोड़ी आदि के मनभावन सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक कलाकारों ने प्रस्तुत किए। स्कूली बच्चों ने भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय एकता के गुणगान के साथ विकसित भारत पर आधारित गीत, संगीत, नृत्य आदि प्रस्तुत किए गए। स्टेडियम में उदयपुर के विकास जानने के निर्देशन में कलाकारों ने अपनी यह प्रस्तुतियां दी।





## विशिष्टजन की उपस्थिति में हुआ एट होम समारोह

**जयपुर।** देश के 75वें गणतंत्र दिवस पर शुक्रवार सायं राजभवन में राज्यपाल की ओर से एट होम समारोह आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री डा. प्रेमचंद बैरवा, सांसद घनश्याम तिवाड़ी, सी.पी. जोशी तथा अन्य विशिष्टजन उपस्थित हुए। सभी ने राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात कर गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू, जनप्रतिनिधि, कुलपति, प्रशासन, पुलिस और सेना के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षाविद, न्यायाधिपति, समाजसेवी, मीडिया के प्रतिनिधि सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### उप मुख्यमंत्री ने ली परेड की सलामी

**दूदू।** उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी दूदू में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दूदू के खेल मैदान में जिला स्तरीय समारोह में उप मुख्यमंत्री ने ध्वज फहरा कर परेड की सलामी ली। इसके बाद अतिरिक्त जिला कलक्टर रतनलाल योगी ने राज्यपाल का संदेश पढ़ा।





## उल्लेखनीय सेवाओं के लिए किया सम्मानित

**जयपुर।** प्रदेशभर में शुक्रवार को 75 वें गणतंत्र पर प्रदेश के सात संभागों के जिला मुख्यालयों पर समारोह आयोजित किए गए। इस अवसर पर ध्वज फहराने के बाद स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। उल्लेखनीय सेवाओं के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों व समाजसेवी लोगों को सम्मानित भी किया गया। झुंझुंनू में जिला मुख्यालय के स्वर्ण जयंती स्टेडियम पर उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने ध्वजारोहण किया। जोधपुर में मुख्य अतिथि संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने ध्वज फहराया। उदयपुर संभाग में भी गणतंत्र दिवस उल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। वहीं जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनजाति क्षेत्रीय विकास एवं गृह रक्षा मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने ध्वज फहराकर सभी को राष्ट्रीय पर्व की शुभकामनाएं दी। इसके पश्चात मंत्री खराड़ी ने परेड का निरीक्षण किया।

## पुलिस महानिदेशक ने किया झंडारोहण

**जयपुर।** पुलिस महानिदेशक यू आर साहू ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रातः 830 बजे पुलिस मुख्यालय में झंडारोहण किया। साहू ने इस अवसर पर झंडारोहण के पश्चात महानिदेशक पुलिस चयनित कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र वितरण किये। उन्होंने निजी सहायक प्रथम जोधपुर रेंज महेंद्र सिंह, सहायक प्रशासनिक अधिकारी जिला चित्तौड़गढ़ द्वारकाधीश स्वर्णकार, तीसरी बटालियन आरएसी बीकानेर सहायक प्रशासनिक अधिकारी सुशील कुमार मीणा, सीआईडी आईबी के सहायक प्रशासनिक अधिकारी वीरेंद्र सिंह, कोटा शहर के सहायक प्रशासनिक अधिकारी कुलदीप नथिया, सीआईडी आईबी के सहायक प्रशासनिक अधिकारी नरेंद्र सिंह,आयुक्तालय जोधपुर के वरिष्ठ सहायक जितेंद्र सिंह, आयुक्तालय जोधपुर के वरिष्ठ सहायक जसराज आदि को प्रशंसा पत्र प्रदान किये।

## सीएम ने बड़ी चौपड़ तथा सचिवालय पर किया ध्वजारोहण

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गणतंत्र दिवस पर बड़ी चौपड़ तथा शासन सचिवालय में ध्वजारोहण किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि देश-प्रदेश के निर्माण में हर व्यक्ति की भागीदारी अहम है। वहीं शासन सचिवालय में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सचिवालय सेवा के कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। बड़ी चौपड़ पर सांसद रामचरण बोहरा, विधायक बालमुकंदाचार्य, गोपाल शर्मा, पूर्व राज्यसभा सांसद नारायण पंचारिया, जयपुर नगर निगम ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने इससे पहले सचिवालय स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।





**उल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस**

## भूतपूर्व सैनिकों का किया सम्मान

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ तरुण ओझा और सचिव डॉ अनुराग शर्मा ने बताया कि जयपुर मेडिकल एसोसिएशन और मेडिकल प्रैक्टीशनर्स सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में जेएमए प्रांगण में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ राजीव बगरहट्टा थे। समारोह में डॉ अनुराग धाकड़,डॉ संजीव गुप्ता, डॉ माया बागड़ी, डॉ जगदीश मोदी, डॉ संजय पावाह और डॉ गिरीश चौहान के अतिरिक्त कई गणमान्य चिकित्सक उपस्थित थे। समारोह की विशेषता एसोसिएशन द्वारा भारत माता के सच्चे सपूत भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान था। मुख्य अतिथि ने उन्हें शाल और प्रशस्ति पत्र भेंट किए। सम्मानित किए गए कुछ प्रमुख नाम सूबेदार अर्जुन सिंह, कैप्टेन किशनलाल, कैप्टेन भंवरसिंह और कैप्टेन परमानंद शर्मा के हैं। समारोह में चिकित्सकों को भी सम्मानित किया गया। उनमे कुछ नाम डॉ राजेंद्र बागड़ी, डॉ राजीव वशिष्ठ, डॉ शुचिता, डॉ विशाल शेखावत, डॉ रवींद्र लमोरिया के हैं। मुख्य अतिथि डॉ राजीव बगरहट्टा ने एसोसिएशन की सैनिकों के सम्मान कि भावना कि भूरी भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में डॉ बबीता, डॉ आलोक तिवारी और डॉ पवन शर्मा व अन्य चिकित्सकों ने आज़ादी के तराने सुनाये।

## चौमूं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिक सम्मानित



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

चौमूं उपखंड क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया। चौमूं उपखंड स्तरीय समारोह शहर में वीर हनुमान मार्ग स्थित खेल स्टेडियम में आयोजित हुआ। इस मौके पर एसडीएम राजेश जाखड़ ने झंडारोहण करते हुए तिरंगा फहराया। समारोह में उपखंड स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कार्मिकों को एसडीएम एवं अतिथियों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक डॉ.शिखा मील बराला ने युवाओं को नशे की लत से दूर रहने की सीख दी। विद्युत विभाग से लालचंद जांगिड़ राजस्व अधिकारी को सम्मानित किया गया।

## एसीबी मुख्यालय में तिरंगे को दी सलामी

**जयपुर।** 75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर झालाना संस्थानिक क्षेत्र स्थित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के मुख्यालय परिसर में अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने ध्वजारोहण किया। उपस्थित सभी ब्यूरो के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने सभी को शुभकामनाएं दीं।

**9 आईपीएस अधिकारियों के तबादले :** श्रीवास्तव को हटाया प्राइम पोस्टिंग से

## संजय अग्रवाल बने एडीजी इंटेलिजेंस, वीके सिंह एडीजी एटीएस-एसओजी

राज्य सरकार ने शुक्रवार की देर रात 9 आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इन तबादलों में एडीजी वीके सिंह को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए एडीजी एटीएस-एसओजी बनाया गया है। वीके सिंह को सरकार ने आते ही पेपरलीक के लिए गठित एसआईटी का हेड बनाया था। वहीं अब एटीएस-एसओजी की जिम्मेदारी दी गई है। आदेश में वसुंधरा राजे सरकार में जयपुर पुलिस कमिश्नर रहे संजय अग्रवाल को भी इंटेलिजेंस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें एडीजी इंटेलिजेंस के पद पर लगाया हैं। कांग्रेस के शासनकाल में उन्हें प्राइम पोस्टिंग नहीं मिली थी। फिलहाल वे एडीजी पुलिस मुख्यालय थे। एडीजी आनंद कुमार श्रीवास्तव गहलोत सरकार में जयपुर पुलिस कमिश्नर रहे। बीजेपी सरकार में उदयपुर रेंज आईजी व कोटा रेंज आईजी रहे थे। फिलहाल ये एडीजी लॉ एंड ऑर्डर थे। लेकिन इस बार इन्हें प्राइम पोस्टिंग से हटाकर एडीजी आर्म्ड बटालियन में लगाया गया है। एडीजी विशाल बंसल को एडीजी लॉ एंड ऑर्डर के पद पर पोस्टिंग दी गई है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | संजय अग्रवाल | एडीजी, इंटेलीजेंस |
| 2. | आनंद श्रीवास्तव | एडीजी, आर्म्ड बटालियन |
| 3. | संजीब कुमार नार्जारी | एडीजी, कार्मिक |
| 4. | विशाल बंसल | एडीजी, कानून व्यवस्था |
| 5. | वीके सिंह | एडीजी, एसओजी एंड एटीएस |
| 6. | एस. सेंगाथिर | एडीजी, पुलिस मुख्यालय |
| 7. | रुपिंदर सिंघ | एडीजी, जेल विभाग |
| 8. | भूपेंद्र साहू | एडीजी, पुलिस तकनीकी सेवाएं |
| 9. | बीएल मीणा | एडीजी, कम्युनिटी पुलिसिंग |

### तीन आईपीएस को मिली एडीजी पद पर पोस्टिंग

नए साल पर कई पुलिस अधिकारियों को प्रमोशन हुआ था। लेकिन वे पुराने पदो पर ही काम कर रहे थे। अब उन्हें उनके पद के अनुरूप सरकार पोस्टिंग दे रही है। आईजी से प्रमोट होकर एडीजी बने तीन आईपीएस अधिकारियों को आज जारी आदेशों के तहत एडीजी के पद पर लगाया गया है। इनमें आईपीएस रुपिंदर सिंघ को एडीजी जेल, भूपेन्द्र साहू को एडीजी तकनीकी सेवाएं और डॉ. बीएल मीणा को एडीजी पुलिस कम्युनिटी पॉलिसिंग के पद पर लगाया।

## राज. उच्च माधयमिक विद्यालय अचरावाला में धूमधाम से मनाया 75वां गणतंत्र दिवस



**सांगानेर @ जागरूक जनता।** डिग्गी मालपुरा रोड़ स्थित ग्राम पंचायत जगन्नाथपुरा के अचरावाला गांव स्थित राजकीय उ. मा. विधालय में 75 वा गणतंत्र दिवस व वार्षिकोत्सव धुमधाम से मनाया गया। विधालय की प्रधानाचार्या 'सुष्मा पारिक के सानिध्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम व भामाशाहो का सम्मान किया गया वही बेटी फाउण्डेशन के सहयोग से छात्राओं की माताओं को कम्बल वितरीत किये गये। समाजसेवी दिनेश बागड़ा, ग्राम विकास अधिकारी आदित्य शर्मा व पूर्व सरपंच पौखरमल मौर्य ने छात्र छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधालय के वरिष्ठ अधयापक मिश्रीलाल अवस्ती, व्याखता मुकेश सोलंकी, उपप्राचार्या संगीता शर्मा, जगदीश बाबु, पंचायत सहायक विष्णु शर्मा, राजकुमार शमा कोमल शर्मा, सजंय मेहता, दिनेश शर्मा, किशन बागड़ा, अमित शर्मा वार्ड पंच कमल शर्मा, देवीलाल जाट आदि मौजूद थे।

## 108 आपातकालीन सेवाएं छः माह तक अत्यावश्यक सेवा घोषित

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर 108 आपात कालीन सेवाओं के साथ 104 जननी एक्सप्रेस सेवा, ममता एक्सप्रेस, 104 चिकित्सा परामर्श सेवाओं एवं कॉल सेन्टर सेवाओं जिनका संचालन सेवा प्रदाताओं के माध्यम से किया जा रहा है, के समस्त कार्यालय एवं कर्मचारियों तथा उसके कार्यकलापों से संबंधित समस्त सेवाओं को आगामी छः माह तक अत्यावश्यक सेवा घोषित किया है। गृह विभाग के शासन उप सचिव महेश कुमार शर्मा ने बताया कि 108 आपात कालीन सेवाओ के साथ-साथ 104 जननी एक्सप्रेस सेवा, ममता एक्सप्रेस, 104 चिकित्सा परामर्श सेवाओं एवं कॉल सेन्टर सेवाओं में हडताल होने से सेवाओं के प्रदाय एवं अनुरक्षण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा जिसके परिणामस्वरूप जनता को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है।



## बच्चों के साथ मिलकर मनाया गणतंत्र दिवस

**जयपुर @ जागरूक जनता।** विद्याधर नगर स्थित सैक्टर-4, राजकीय प्राथमिक विद्यालय एवीएन लाईब्रेरी में सामाजिक कार्यकर्ता महिलाओं ने बच्चों के साथ मिलकर 75वां गणतंत्र दिवस समारोह उल्लास से मनाया। इस मौके पर बच्चों को मिठाई, स्टेशनरी का सामान भी उपहार स्वरूप भेंट किया गया। कार्यक्रम के दौरान राजकुमारी राठौड़, राधा मोदी, रंजीता, सुनीता, मंजू, मदन के अलावा अन्य उपस्थित थे। लाईब्रेरी में झंडा रोहण राजकुमारी राठौड़ द्वारा किया गया। इसके अलावा जग्गा सर ने स्कूल में झंडारोहण किया। इस मौके पर ओम जी, सुनीता के अलावा लाइब्रेरी के राजेन्द्र सिंह शेखावत उपस्थित थे।

**17 अधिकारी एवं कर्मचारियों को किया गया सम्मानित**

## राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल में मनाया गणतंत्र दिवस



**जयपुर @ जागरूक जनता।** 75वां गणतंत्र दिवस राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष शिखर अग्रवाल ने झंडारोहण कर सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर बेहतरीन कार्य करने वाले विभिन्न श्रेणी के कुल 17 अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मंडल के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में अहम भूमिका अदा कर प्राथमिकता से कार्य करने की शपथ दिलवाई गयी। वही सामान्य जीवन के साथ आवश्यकतानुसार वोकल फॉर लोकल उत्पादों का उपयोग करने का भी संकल्प लिया गया। इस दौरान मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## राम कृपाल सिंह राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित

**जयपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली में अलवर के रामपुरा गांव निवासी व सीमा सुरक्षा बल में उप महानिरीक्षक के पद से रिटायर अधिकारी राम कृपाल सिंह को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। सिंह 31 दिसम्बर 2023 को सीमा सुरक्षा बल से सेवानिवृत हुए थे। 2012 में उन्हें सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक मिला था। राजस्थान के अलवर जिले के रामपुरा गांव में जन्मे राम कृपाल सिंह पुत्र स्वर्गीय राधे लाल मीणा, 01 अक्टूबर 1987 को सहायक कमांडेंट के रूप में सीमा सुरक्षा बल में नियुक्त हुए थे।

# बिरला कॉर्पोरेशन लि.सामाजिक परिवर्तन के लिए लायंस क्लब के साथ सहयोग करेगा




» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** समाज के प्रति दायित्व निभाने या उसे अपने योगदान से वापिस देने की अवधारणा काफी बदल गई है। कॉर्पोरेट संगठन "फोकस्ड प्रोग्राम्स-केंद्रित कार्यक्रम" कर रहे हैं जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाएंगे। ये कहना है बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी संदीप घोष का।

घोष "कॉर्पोरेट एंड लायंसः क्रिएटिंग ए सोशल इम्पैक्ट", नाम से आयोजित सेशन के पहले प्रवक्ता थे। इस दौरान अपने संबोधन में घोष ने यह स्पष्ट कर दिया कि कॉर्पोरेट स्पष्ट उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए हितधारकों को संगठित करने के लिए सक्षम भागीदारों के साथ काम करना पसंद करते हैं। बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड को लायंस इंटरनेशनल द्वारा जियो वर्ल्ड सेंटर, बीकेसी, मुंबई में "द गिव कॉन्क्लेव में अपनी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी गतिविधियों में भाग लेने और उनको प्रदर्शित करने के लिए आमंत्रित किया गया था। घोष ने लायंस क्लब से "द गिव कॉन्क्लेव" के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए अपनी गतिविधियों को कॉर्पोरेट्स के सीएसआर लक्ष्यों के साथ जोड़ने का आह्वान किया ताकि तय लक्ष्यों के अनुसार सामाजिक प्रभाव पैदा करने के लिए सहयोग को बढ़ाया जा सके। उन्होंने खास तौर पर कहा कि एमपी बिरला समूह प्रियंवदा बिरला अरविंद नेत्र अस्पताल, कोलकाता और दुर्गापुर के माध्यम से नेत्र देखभाल के क्षेत्र में अरविंद ग्रुप ऑफ आई हॉस्पिटल्स, मदुरै के साथ सहभागिता में व्यापक काम कर रहा है। उन्होंने सुविधाओं से वंचितों के लिए नेत्र देखभाल और मोतियाबिंद ऑपरेशन के क्षेत्र में लायंस क्लब के साथ सहयोग करने की भी इच्छा व्यक्त की। द गिव कॉन्क्लेव स्थल पर बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड के स्टॉल पर तस्वीरों और टेक्स्ट के माध्यम से कंपनी की सीएसआर गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया।

## खांडल विप्र समाज का प्रतिभा सम्मान, वरिष्ठ जन सम्मान, व भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित

**केकड़ी @ जागरूक जनता।** खांडल विप्र समाज केकड़ी का प्रतिभा सम्मान , वरिष्ठजन सम्मान, भामाशाह सम्मान समारोह गौशाला सत्संग भवन देवगांव गेट केकडी में आयोजित किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ संजय शर्मा बीसीएमओ केकड़ी व अध्यक्षता केकड़ी शाखा सभा अध्यक्ष रामप्रसाद चोटिया,व महेंद्र बशीवाल ने की, कार्यक्रम मे अतिथि के रूप मे ओमप्रकाश चोटिया, रामसरोवर चोटिया, कैलाश बढाढरा, मुकेश कुंजावडा उपस्थित रहे व अपने विचार व्यक्त किए। समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि समाज को संगठन के रूप में कार्य करना चाहिए और बच्चों को सनातन संस्कृति के अनुरूप जीवन जीने के लिए तैयार करना चाहिए जो बालक प्रातः काल जल्दी उठता है उसे आयु, विवेक, आरोग्य आदि प्राप्त होता है प्रतिभावान छात्र को यह समझना नहीं चाहिए कि हमारी योग्यता मेरी स्वयं की देन है उसमें परिवार का बहुत ही बड़ा योगदान रहता है माता-पिता बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करें।

# खनिज बजरी के अवैध निर्गमन पर वसूला जुर्माना



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सिरोही।** उपखण्ड स्तरीय दल पिण्डवाड़ा की संयुक्त टीम के थानाधिकारी रोहिडा शाबिर मोहम्मद खान के निर्देशन में हेड कॉस्टेबल कांतिलाल व खान विभाग से कांतिलाल प्रोसपेक्टिंग सुपरवाईजर मय टीम के द्वारा निकट ग्राम वाडा व भीनाणा में एक-एक ट्रेक्टर ट्रॉली को खनिज मेसनरीस्टोन का अवैध निर्गमन करते हुए पाये जाने पर जब्त किया जाकर राशि रु 52,800/- का जुर्माना वसूल किया गया तथा तहसील सिरोही में थानाधिकारी बरलूट के द्वारा जावाल नदी क्षेत्र से एक ट्रेक्टर ट्रॉली खनिज बजरी अवैध परिवहन करते हुए पाये जाने पर खान विभाग की ओर से भाकरराम भूवैज्ञानिक के द्वारा नियमानुसार जब्त सरकार कर राशि रु 1,26,800/- का जुर्माना वसूल किया गया।

उपखण्ड स्तरीय दल शिवगंज के विवेक सिंह राव, पुलिस उपअधीक्षक के निर्देशन में धानाधिकारी शिवगंज व हिम्मताराम हेड कान्सटेबल मय टीम नेनराम जाट, रमेश कुमार, कान्सटेबल एवं खान विभाग की ओर श्रवण कुमार खनिकार्यदेशक। मय टीम के द्वारा दो ट्रेक्टर ट्रॉली को खनिज बजरी का अवैध निर्गमन करते हुवे पाये जाने पर जब्त सरकार किया गया। जिसका नियमानुसार जुर्माना वसूला जायेगा।

राज्य सरकार के आदेशानुसार खनिजों के अवैध खनन / निर्गमन /भण्डारण की रोकथाम हेतु विशेष अभियान के क्रम में शुमभ चौधरी जिला कलक्टर, ज्येष्ठा मैत्रेयी पुलिस अधीक्षक सिरोही, डॉ भास्कर विश्नोई अति. जिला कलक्टर, ब्रिजेश सोनी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिरोही के द्वारा अभियान की नियमित मोनिटरिंग की जाकर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देशों के क्रम में खनि अभियंता चंदन कुमार ने बताया कि जिले में संयुक्त अभियान के दौरान दिनांक 15. 01:2024 से दिनांक 27.01.2024 तक कुल 46 प्रकरण एवं 8 एफआईआर संबंधित पुलिस थानों में दर्ज करवाई जाकर कुल शारित राशि रु 18.95 लाख का जुर्माना वसूल किया गया है साथ ही बताया कि जिला कलक्टर के मार्गदर्शन में अभियान के दौरान उपखण्ड स्तरीय दलों के द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित निगरानी रखकर आकस्मिक चैकिंग की जा रही है, कोई भी वाहन / व्यक्ति / मशीन अवैध खनन / निर्गमन करता हुआ पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। जिले में हो रहे ताबडतोड कार्यवाही से अवैध खनन / निर्गमनकर्ताओं में खौफ व्याप्त है।




# कम पानी के कारण लुप्तप्राय जडी बूटियों को बचाना आवश्यक - प्रो. प्रजापति

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति कृषि अनुसंधान केन्द्र मण्डोर, कृषि विश्वविद्यालय द्वारा सीमित जल स्थितियों के तहत सूक्ष्म सिचाई प्रणाली में जल उपयोग दक्षता एवं उत्पादकता में सुधार पर आयोजित संगोष्ठी के शीतकालीन स्कूल के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होने इस अवसर पर कहा कि जल दक्षता एवं इसकी उत्पादकता में सुधार करना समय की मांग है। क्योकि कम पानी के कारण कई जडी बूटिया लूप्तप्राय की स्थिति में है। इसलिए सीमित जल स्थितियों के तहत सूक्ष्म सिचाई प्रणाली में बेहतर उन्नत समाधान खोजने का यह उचित समय है। कार्यक्रम के प्रारंभ में आयोजकों द्वारा प्रो. प्रजापति का पुष्प गुच्छ भेंटकर एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कृषि विवि के कुलपित प्रो. बीआर चौधरी, पाठ्यक्रम निर्देशक एमएल मेहरिया, आयुर्वेद विवि के द्रव्यगुण विभाग के एसो. प्रो. डॉ. मनोज अदलखा, संकाय सदस्य तथा सभी प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## सेमिनार में पाठ्यक्रमों की दी जानकारी

**केकड़ी @ जागरूक जनता ।** कस्बे के अजमेर रोड स्थित बिजासन माता मंदिर के सामने जगदंबा छात्रावास में संचालित केशव विद्यापीठ कॉलेज केकड़ी में वर्धमान महावीर खुला विवि के क्षेत्रीय कार्यालय अजमेर की टीम ने महाविद्यालय में सेमिनार आयोजित कर विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। क्षेत्रीय कार्यालय अजमेर के सहायक कुल सचिव रवि सागर ने सेमिनार में बताया कि पहली बार विश्वविद्यालय में बी एड, एम बी ए एवं एम एस सी में स्नातक आधारित मेरिट से सीधे प्रवेश प्रक्रिया इसी सत्र से शुरू हुई है। पहले इन पाठ्यक्रमों के लिए प्री एग्जाम होता था। क्षेत्रीय कार्यालय अजमेर के प्रतिनिधि सुनील कुमार माथुर ने बताया कि वर्धमान खुला विवि द्वारा एवं एक साथ दो डिग्रियां स्नातक व अधि स्नातक स्तर पर इस एकमात्र विश्वविद्यालय से कर सकते हैं। इस विश्वविद्यालय द्वारा कराए जाने वाले पाठ्यक्रमों में एससी एसटी विद्यार्थियों को नियमानुसार राज्य सरकार द्वारा ( फीस पुनर्भरण) देय है एवं राजस्थान के सभी जिलों में अध्ययन केंद्र व परीक्षा केंद्र संचालित है। क्षेत्रीय कार्यालय की प्रतिनिधि गीता झा ने सेमिनार में छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं राज्य में केवल वर्धमान खुला विवि में ही महिलाओं के लिए निशुल्क शिक्षा (राज्य सरकार द्वारा पुनर्भरण) के तहत देय है। इस अवसर पर केशव विद्यापीठ महाविद्यालय के परिवार द्वारा प्रतिनिधियों का मोमेंटो देकर स्वागत सत्कार भी किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के व्याख्याता शिवराज कुमावत ,धर्मी चंद प्रजापत, भंवरलाल वर्मा, सी पी शर्मा, विष्णु वैष्णव, विशाल सेन, सोनू चौधरी, महादेव माली सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## स्वाति फ्लोरंस बोपल में हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस



**अहमदाबाद।** स्वाति फ्लोरन्स बोपल में देश का 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सोसायटी के प्रबुद्धजनों ने झंडारोहण कार्यक्रम में शामिल होकर झंडा फहराया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए, जिसमें 3 वर्ष से 45 वर्ष आयुवर्ग के समूहों ने अलग-अलग प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। सोसायटी की कार्यकारिणी ने सभी बच्चों व महिलाओं को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वालों को उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम समापन के अवसर पर सभी आगंतुकों को नाश्ता कराया। अंत में ग्रुप फोटो के साथ सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### कनिष्ठ लेखाकार एंवं तहसील राजस्व लेखाकार संयुक्त सीधी भर्ती 2023

## परीक्षा अवधि आगे बढ़ाने की मांग

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

आबूरोड। आबूरोड़ क्षेत्र के प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहें विद्यार्थियों ने पिंडवाड़ा आबू, रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी, वही चौरासी विधायक राजकुमार रौहत को पत्र लिखकर कनिष्ठ लेखाकार एंवं तहसील राजस्व लेखाकार संयुक्त सीधी भर्ती 2023 की परीक्षा अवधि आगे बढ़ाने की मांग की है। पत्र में बताया कि परीक्षा का विस्तृत सेलेब्स इतने कम समय मे पढ़ना मुश्किल है। इसलिए तैयारी के लिये ओर अधिक समय की आवश्यकता है ऐसे में परीक्षा तारीख आगे बढ़ाई जाए यह अभ्यथियों की मांग है। वही पिंडवाड़ा आबू विधायक ने भी प्रदेश के के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर आग्रह किया है छात्रों की मांग देखते हुए परीक्षा की तारीख आगे बढ़ाई जाए।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल, आबूरोड
जिला – सिरोही (राज.)

गणतन्त्र दिवस, 2024 की आबूरोड नगरवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं

स्वच्छ आबुरोड — स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर — सुन्दर आबुरोड

गणतंत्र दिवस समारोह, 2024

नगरपालिका आबूरोड़ द्वारा गणतंत्र दिवस पर आयोजित निम्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है ।

ध्वजारोहण कार्यक्रम
स्थान : भूराराम बाल मन्दिर, आबूरोड
समय :– प्रातः 8:00 बजे।

ध्वजारोहण कार्यक्रम
स्थान : नगरपालिका, आबूरोड
समय :– प्रातः 8:30 बजे।

आबूरोड नगरवासियो से आबूरोड शहर को सुन्दर एवं स्वच्छ बनाये रखने केन्द्र / राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजना के तहत लाभान्वित होने हेतू अपील है कि :–

01. माननीय प्रधानमंत्री महोदय द्वारा संचालित "विकसित भारत संकल्प यात्रा" से जुडकर केन्द्रिय सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग लाभान्वित होवें।
02. प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत बेरोजगार एवं जरूरतमन्द लोग नजदीकी ई–मित्र से आवेदन कर अपना स्वयं का रोजगार प्रारम्भ करें।
03. आबूरोड शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने हेतु नगरपालिका आबूरोड द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत् विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। आमजन से अनुरोध हैं कि शहर को स्वच्छ बनाने के सपने को साकार करने में नगरपालिका आबूरोड का सहयोग प्रदान करें।
04. प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत कार्ड योजना के अन्तर्गत भारत के किसी भी मान्य अस्पताल से 5 लाख का निःशुल्क इलाज का लाभ लेने हेतु आज ही प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत कार्ड में आवेदन करें।
05. प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत गरीब एवं जरूरतमन्द परीवारों के पक्के मकान का सपना साकार करने हेतु अनुदान राशि उपलब्ध करवाई जाती हैं। आज ही नगरपालिका आबूरोड कार्यालय में आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त करें।
06. नगर को हरा–भरा रखने हेतु अपने आस–पास ज्यादा से ज्यादा संख्या में वृक्षारोपण करें।
07. पॉलिथीन का उपयोग न करे पशुधन गाय बचाये व पर्यावरण बचावें। प्लास्टिक का उपयोग, प्रयोग, भण्डारण एवं विक्रय करना दण्डनीय हैं।
08. सम्पत्ति विरूपण अधिनियम के तहत दीवारो / सार्वजनिक स्थलों को गन्दा न करें व विज्ञापन आदि नहीं लिखो जावें व बेटी पढाओं बेटी बचाओं।

(मगनदान चारण) अध्यक्ष नगरपालिका आबूरोड
(रविन्द्र कुमार ) उपाध्यक्ष नगरपालिका आबूरोड
(कान्तिलाल परिहार) नेता प्रतिपक्ष नगरपालिका आबूरोड
(महेन्द्र सिंह राजपुरोहित) अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका आबूरोड

सुरेश कुमार, जितेन्द्र बंजारा, सागर राणा, अमर सिंह, विक्रम राणा, संजय कुमार, नरगीस कायमखानी, ईमामुद्दीन, सुमित जोशी, अन्जली जोशी, दिलीप सोनी, रमेश वैष्णव, चन्द्ररेखा, भवनीश बारोट, लीलादेवी, बबीता माखीजा, पुष्पा गोहिल, साक्षी सक्सेना, केलाश माली, गायत्री माली, दिताराम, दीपिका राव, सुरेखा मोदी, शमशाद अली, अर्जुन सिंह, मोहन बंजारा, गीतांजली, कान्ति परिहार, वीणा देवी, राधेश्याम, नीरज शर्मा, रितेश सिंह, दीपक कुमार, राजेन्द्र कुमार, किरण कुमार, नीलम राणा, कमलेश सैनी, अभिषेक मेरू, एवम् पालिका कर्मचारिगण नगरपालिका मण्डल, आबूरोड।

# आबूरोड पंचायत समिति के VDO दुर्गेश जिला लेवल पर सम्मानित



**आबूरोड @ जागरूक जनता।** गणतंत्र दिवस पर तलेटी के ग्राम विकास अधिकारी दुर्गेश कुमार को जिला स्तर पर राज्य मंत्री ओटाराम देवासी जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने सम्मानित किया। उत्कृष्ट कार्य करने के के चलते यह सम्मान प्राप्त हुआ है। वही पूर्व भी दुर्गेश को 2019 में उपखंड स्तर पर पिंडवाड़ा में ग्राम पंचायत में अतिक्रमण संबंधी मामलों में सराहनीय कार्य करने पर सम्मान प्राप्त हो चुका है। और 2023 में उपखंड स्तर आबूरोड पर सरकार की विभिन्न योजनाओं में प्रगति में और 2024 में जिला स्तर पर सम्मानित किया गया। लगातार सराहनीय कार्य करने के चलते यह बहुमान मिला है। वही दुर्गेश ने बताया कि राज्य व केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जमीनी स्तर पर आमजन को फायदा पहुँचाना ही मेरा उद्देश्य है, ताकि सरकार की विभिन्न प्रकार की योजनाओं का फायदा मिल सके।

## नाल में एयर शो 1 फरवरी को , आसमान में दिखेंगे सूर्यकिरण प्लेन के करतब

**बीकानेर @ जागरूक जनता।** भारतीय वायु सेना के एयर शो की बीकानेर के नाल स्टेशन में तैयारियां चल रही है। इस एयर शो में सूर्य किरण एरोबेटिक्स टीम के प्लेन शामिल होंगे। लाल रंग के इन विमानों पर सफेद पट्टी बनी होती है। जो आसमान में कलाबाजियां करते बेहद खूबसूरत दिखते हैं। आमजन 1 फरवरी को बीकानेर पर आसमान में इन कलाबाजियों को देख सकेंगे। मुख्य आयोजन नाल में 1 फरवरी को सुबह 11 बजे शुरू होगा। नाल में यह डिस्प्ले प्लेन उड़ान भरेंगे और आसमान में विभिन्न आकृतियां बनाएंगे। इसी के साथ आसमान में उतरे पैराशूटर्स भी साहसिक प्रदर्शक करेंगे। अभी 12 से 14 जनवरी तक मुम्बई में तीन दिवसीय एयर शो का आयोजन किया गया था। इसमें वायु सेना की सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम भी शामिल हुई थी।

## कटारा उल्लेखनीय सेवाओं के लिए गणतंत्र दिवस पर सम्मानित




» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**कोटा।** 75 में गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोटा द्वारा विकल्प इंडिया सोसाइटी जयपुर के अध्यक्ष संजय कटारा को स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की क्रियान्वन नवाचार हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोटा ने वहां उपस्थित जिले के सभी चिकित्सा विभाग के गण मान्य अधिकारियों व कार्मिकों के समक्ष अध्यक्ष विकल्प इंडिया सोसाइटी को सम्मानित किया साथ ही उनके द्वारा किए गए जन चेतना के कार्यों की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान वहां पर उपमुख्यमंत्री चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, आरसीएचओ, जिला लेखा अधिकारी, आदि चिकित्सा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। इसके अलावा गणतंत्र दिवस के अवसर पर विकल्प इंडिया सोसाइटी में उत्साह का माहौल जहां पर सभी कार्मिकों की उपस्थिति में सचिव गौरव मिश्रा व कोषाध्यक्ष हेमलता कटारा ने ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस की बधाई दी।

घर मंगवाये जागरूक जनता
हमें कहें.....

सदस्यता फार्म — दिनांक ....................

जागरूक जनता हिन्दी अखबार एक उद्देश्य, एक मिशन, एक विश्वास के साथ आमजन की समस्याएं, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, सांस्कृतिक गलियारा, भौगोलिक दृष्टिकोण को एक-दूसरे से साझा करने के लिए एक सेतु का काम कर रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिकतम एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाकर शहरी एवं ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित कर रहा है। जागरूक जनता समय-समय पर भिन्न-भिन्न विषयों के साथ- अपने पाठकों के बीच उपस्थित रहता है।

सदस्यता राशि
☐ एक वर्ष रु. 250/- ☐ दो वर्ष रु. 450/- ☐ तीन वर्ष रु. 600/- ☐ पांच वर्ष रु. 1000/-

डाक से नियमित रुप से निम्न पते पर जागरूक जनता भेजने के लिए डिमान्ड ड्राफ्ट/मनीऑर्डर जागरूक जनता के नाम भेज रहा हूं। फोन-पे, पेटीएम-9829329070

नाम / संस्था का नाम ....................
पता : ....................
फोन .................... पिन कोड
राशि (रुपए) .................... बैंक का नाम ....................
डिमान्ड ड्राफ्ट / मनीऑर्डर क्रमांक (डीडी/एमओ जागरूक जनता के नाम भेजें)

• सदस्यता रजिस्ट्रेशन क्रं. ....................रसीद क्रं. ....................

दिनांक .................... हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे प्रसार प्रभारी →

जागरूक जनता
विश्वसनीय हिन्दी अखबार

बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.) मो.- 9829329070, 9928022718

R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2024-26


# काशी के ज्ञानवापी मस्जिद से ASI को तेलुगु भाषा में शिलालेख मिले

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद में एएसआई को कुछ नई चीजें मिली हैं। कर्नाटक के मैसूर में एएसआई के पुरालेख विभाग के निदेशक मुनिरत्नम रेड्डी के नेतृत्व में विशेषज्ञों की एक टीम को 34 शिलालेख मिले हैं। इनमें से तीन शिलालेख तेलुगु भाषा में हैं। कुछ शिलालेख कन्नड़, देवनागरी और तमिल भाषाओं में हैं। एएसआई की पुरालेख शाखा को इससे पहले अयोध्या से एक संस्कृत शिलालेख भी मिला था। एएसआई के मुताबिक इससे वहां पहले भव्य मंदिर होने के संकेत मिलते हैं।

### 17वीं शताब्दी के ये लेख दीवारों पर उकेरे हुए हैं


**मुनिरत्नम** रेड्डी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि इन शिलालेखों से कई नई जानकारियां सामने आई हैं। उन्होंने कहा कि यह शिलालेख 17वीं शताब्दी के हैं। शिलालेख मस्जिद की दीवारों पर उकेरे गये हैं। इन शिलालेखों में से एक में नारायण भटलू के पुत्र मल्लाना भटलू जैसे लोगों के नाम साफ तौर पर लिखा है। मुनिरत्नम के मुताबिक, "यह ध्यान रखना दिलचस्प है कि नारायण भटलू एक तेलुगु ब्राह्मण हैं जिन्होंने 1585 में काशी विश्वनाथ मंदिर के निर्माण की देखरेख की थी। ऐसा कहा जाता है कि जौनपुर के हुसैन शर्की सुल्तान (1458-1505) ने 15 वीं शताब्दी में काशी विश्वनाथ मंदिर को ध्वस्त करने का आदेश दिया था। मंदिर का पुनर्निर्माण 1585 में किया गया था।







Happy Republican Day



The Bhagwati Resort
Village-Kivarli, NH -27, Abu Road (Dist-Sirohi)
Raj, 307026 Ph. +91 7998276000 +91 7998573000

## बीजेपी ने जीता चंडीगढ़ मेयर चुनाव

### केजरीवाल बोले- दिन दहाड़े बेईमानी हुई

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** भाजपा ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव जीत लिया है। बीजेपी प्रत्याशी मनोज सोनकर को चंडीगढ़ मेयर चुनाव में 16 वोट मिले जबकि उनके सामने चुनाव लड़ रहे आप उम्मीदवार कुलदीप कुमार महज 12 वोट ही हासिल कर सके। इस चुनाव में 8 वोटों को अमान्य घोषित कर दिया गया। मेयर चुनाव के नतीजे आने के बाद आप पार्टी ने निगम बिल्डिंग में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान आप की तरफ से मेयर पद उम्मीदवार कुलदीप कुमार भावुक हो गए। मेयर चुनाव के बाद हुए डिप्टी मेयर चुनाव और सीनियर डिप्टी मेयर चुनाव का आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पार्टी के पार्षदों ने बहिष्कार किया। दोनों पार्टी के पार्षदों ने विरोध में इस चुनाव में वोट डालने से इनकार कर दिया।




HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट

» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.

नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर

Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur

E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in




अधिक जानकारी के लिए अपने MFD/RIA से संपर्क करें या स्कैन करें

SIP के फ़ायदे
मार्केट की टाइमिंग से आज़ादी
निवेश राशि चुनने की आज़ादी

HDFC MUTUAL FUND
भरोसा अपनों का

निवेशक शिक्षा और जागरूकता अभियान
**SIP – सिस्टेमैटिक इंवेस्टमेन्ट प्लान.** म्यूच्युअल फ़ंड में निवेश करने के लिए, वन टाईम KYC की आवश्यकता को पूरा करने की प्रक्रिया के बारे में अधिक जानकारी हेतु https:// www.hdfcfund.com/information/ key-know-how पर विजिट करें. निवेशकों को केवल रजिस्टर्ड म्यूच्युअल फ़ंड में निवेश करना चाहिए, जिनके विवरण का सत्यापन सेबी की वेबसाइट (www.sebi.gov.in/intermediaries.html) पर किया जा सकता है. किसी पूछताछ, शिकायत तथा समस्या के समाधान के लिए निवेशक एएमसीज़ तथा/या निवेशक संपर्क अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं. इसके साथ ही, निवेशक एएमसीज़ को सीधे भी शिकायत कर सकते हैं, अगर वे एएमसीज़ द्वारा दिए गए समाधान से संतुष्ट न हों तो वे स्कोर्स पोर्टल https://scores.gov.in पर भी शिकायत कर सकते हैं. स्कोर्स पोर्टल निवेशकों को सेबी को ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने तथा तत्पश्चात इसकी स्थिति को देखने की सुविधा प्रदान करता है. अगर निवेशक सीधे एएमसीज़ से की गई या स्कोर्स पोर्टल के ज़रिए दर्ज शिकायतों पर समाधान से संतुष्ट न हों तो वह स्मार्ट ओडीआर पर https://smartodr.in/login शिकायत दर्ज कर सकता है.

**म्युचुअल फंड निवेश बाज़ार के जोखिमों के अधीन हैं, योजना से जुड़े सभी दस्तावेज़ों को ध्यान से पढ़ें।**

संपादक : **ज्ञानेन्द्र मिश्रा** मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। **संपादकीय कार्यालय** : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

## अलवर व भिवाडी के पंजीकृत वाहनों के लिए पाण्डुपोल मंदिर में 31 मार्च तक निःशुल्क प्रवेश

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्रा प्रभार) संजय शर्मा के निर्देश पर वन विभाग के द्वारा सरिस्का स्थित पांडुपोल हनुमान जी के मंदिर में दर्शन के लिए मंगलवार व शनिवार के साथ पूर्णिमा एवं पाण्डुपोल एवं भर्तृहरि मेले के दौरान दो दिन अलवर जिले के पंजीकृत वाहन त्श्र02 की गाड़ियों के साथ-साथ अब भिवाड़ी त्श्र 40 नंबर सीरिज की सभी गाड़ियों के लिए 31 मार्च 2025 तक निःशुल्क प्रवेश की अधिसूचना जारी की गई है।

# जेडीए-निगम में ई-फाइलिंग पर जोर..., आठ से सभी फाइल ऑनलाइन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सरकारी कामों में पारदर्शिता लाने व काम को गति देने के लिए जेडीए और नगर निगमों में अब ऑफलाइन फाइलें बंद होगी। अगले माह सभी फाइलें ऑनलाइन होगी। इसके लिए ई-फाइलिंग सिस्टम विकसित किया जाएगा। जेडीए व निगम प्रशासन ने इसे लेकर कवायद शुरू कर दी है। हालांकि इससे पहले सभी कार्मिकों को सूचना व प्रौद्योगिकी विभाग प्रशिक्षण देगा। उसके बाद सभी काम ई–फाइलिंग से होंगे। सीएस सुधांश पंत को फाइलों को लंबे समय तक अटकाने की शिकायतें मिली। इसके बाद उन्होंने पिछले दिनों जेडीए का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जेडीए सचिव सहित अन्य अफसरों के चेम्बर में जाकर हकीकत देखी तो फाइले 'डिस्कस' के नाम पर पेडिंग पड़ी मिली। हालांकि इसे लेकर सीएस ने एक आईएएस सहित दो



आरएएस अफसरों को एपीओ कर दिया। इसके बाद सरकार ने फाइलों की मॉनिटरिंग के लिए जेडीए व नगर निगमों में ई-फाइलिंग सिस्टम विकसित करने के निर्देश दिए। इसे लेकर जेडीए और नगर निगम ने कवायद शुरू कर दी है।

### 8 फरवरी से सभी काम ई-फाईलिंग से

जेडीए में अब सभी काम ई-फाईलिंग के माध्यम से होंगे। इसे लेकर जेडीए प्रशासन ने कवायद शुरू कर दी है। जेडीए में प्राथमिकता के आधार पर ई–फाइलिंग व्यवस्था लागू की जाएगी। इसके लिए सभी कामों को श्रेणीवाइज बांटना शुरू कर दिया है। 8 फरवरी से सभी काम ई–फाइलिंग के माध्यम से होंगे। जेडीए आयुक्त मंजू राजपाल ने अफसरों की बैठक लेकर फाइल मैनेजमेंट को सुगम बनाने के लिए सभी काम ई–फाइलिंग के माध्यम से करने के निर्देश दिए।

### ए, बी, सी व डी श्रेणी में बांटी फाइलें

जेडीए प्रशासन ने काम व प्राथमिकता के आधार से फाइलों को ए, बी, सी व डी में बांटना शुरू कर दिया है। इसमें ए व बी की पत्रावलियों को पहले ऑनलाइन किया जाएगा। इसके बाद फाईल्स पूर्णतः ऑनलाइन ही राज-काज के माध्यम से प्रेषित की जाएंगी। इसके अलावा सभी तरह की नई पत्रवालियां ऑनलाइन प्रेषित की जाएगी।

### निगम में 15 से ई-फाइलिंग सिस्टम शुरू

ग्रेटर नगर निगम में 15 फरवरी ई-फाइलिंग सिस्टम शुरू होगा। वहीं हैरिटेज नगर निगम ने भी ई-फाइलिंग सिस्टम शुरू करने की तैयारी कर ली है। अब दोनों नगर निगमों में सभी काम ऑनलाइन होंगे। वहीं पुरानी फाइलों को भी धीरे–धीरे ऑनलाइन किया जाएगा। ग्रेटर नगर निगम आयुक्त रूक्मणि रियाड़ ने अफसरों की बैठक लेकर ई–फाइलिंग सिस्टम विकसित करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने सभी अधिकारियों को ई-फाइलिंग सिस्टम को भी अपनाने के साथ 15 फरवरी के बाद कोई भी फाईल ऑफलाइन नहीं लेने के निर्देश दिए है।

### ई-फाइलिंग से होगा राज-काज

जेडीसी मंजू राजपाल का कहना है कि प्राथमिकता के आधार पर फाइलों को राज-काज (ई-फाइलिंग) के लिए श्रेणीवार कर कार्य प्रारम्भ किया जाएगा। 8 फरवरी के बाद सभी पत्रावलियां (फाईल्स) राज-काज (ई-फाइलिंग) के माध्यम से ही चलेगी।

### सभी फाइले करेंगे ऑनलाइन

ग्रेटर नगर निगम आयुक्त रूक्मणि रियाड़ का कहना है कि ग्रेटर नगर निगम में 15 फरवरी से ई-फाइलिंग सिस्टम अपनाया जाएगा। इसे लेकर अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए है। धीरे–धीरे सभी फाइलों को ऑनलाइन किया जाएगा।

**इंडिया स्टोनमार्ट- 2024 का होगा आयोजन**

# 1 से जयपुर में सजेगा पत्थरों का बाजार

**इंडिया स्टोनमार्ट- 2024 में भाग लेंगे 411 एग्जीबिटर्स**

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** प्रदेश की अर्थव्यवस्था में पत्थर उद्योगों एवं अन्य गतिविधियों का प्रमुख स्थान है। राजस्थान में खनिज पत्थर एवं इससे संबंधित उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार प्रयासरत है। इसी दिशा में रीको के अभिन्न अंग सेन्टर फॉर डवलपमेंट ऑफ़ स्टोन्स (सीडॉस) के तत्वावधान में इंडिया स्टोनमार्ट-2024 के 12वें संस्करण का शुभारंभ 1 फरवरी 2024 को प्रातः 11 बजे जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेन्टर (जेईसीसी) सीतापुरा में किया जाएगा। इंडिया स्टोनमार्ट का यह अन्तर्राष्ट्रीय आयोजन 1 फरवरी से 4 फरवरी तक आयोजित होगा।

यह आयोजन पत्थर उद्योग से संबधित विभिन्न हितधारकों जैसे घरेलू और विदेशी उत्पादकों, निर्यातकों, आयातकों, उपभोक्ताओं और खरीदारों, विशेषज्ञों, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं, वास्तुकारों, बिल्डरों, डेवलपर्स, कॉरपोरेट्स आदि को एक छत के नीचे लाएगा। इंडिया स्टोनमार्ट-2024 स्टोन सेक्टर से जुड़े उद्यमियों, सेवा प्रदाताओं, मैन्युफैक्चरर्स, कारोबारी जैसे एग्जीबिटर्स को दुनिया भर के उपभोक्ताओं के बीच अपने उत्पादों, सेवाओं और ब्रांडिंग को बढ़ावा देने और उनके व्यापार को बढ़ाने के लिए एक विश्व स्तरीय मंच प्रदान करेगा।

उद्योग एवं वाणिज्य विभाग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि इंडिया स्टोनमार्ट प्रदेश के समृद्ध पत्थर उद्योग को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाने में कामयाब साबित होगा। इस तरह के आयोजनों से प्रदेश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों की राह खुलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेक इन इंडिया कार्यक्रम की दिशा में यह एक सार्थक प्रयास है। मंत्री राठौड ने बताया कि प्रदर्शनी में कुल 411 एग्जीबिटर्स में से तुर्की से 68, ईरान एवं इटली से 5-5, अमेरिका से 2, वियतनाम, स्पेन-रूस-इथोपिया-चीन से एक-एक, कुल 85 विदेशी एग्जीबिटर्स तथा देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 326 एग्जीबिटर्स शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में 198 पत्थर उद्यमी, 195 टूल्स-मशीनरी उद्यमी, 18 संस्थागत व सेवा संबंधी एग्जीबिटर्स भाग लेंगे एवं अपने उत्पादों को दर्शाएंगे। स्टोनमार्ट में इस बार तुर्की, ईरान, ईटली के विदेशी मंडप एवं गुजरात, उड़ीसा, कर्नाटक एवं झारखंड राज्य के मंडप भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। उन्होंने बताया कि इंडिया स्टोनमार्ट में विशेष रूप से (स्टोन ऑफ राजस्थान गैलरी) बनाई गई है। जिसमें राजस्थान के उत्कृष्ठ पत्थरों का प्रदर्शन किया जाएगा।

उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव व रीको अध्यक्ष अजिताभ शर्मा ने बताया कि इस प्रदर्शनी में मार्बल, ग्रेनाइट, सैंड स्टोन, कोटा स्टोन, स्लेट, क्वार्ट्ज़, पत्थर खनन एवं प्रसंस्करण मशीनरी, उपकरण, खनन के लिए भारी मशीनरी और पत्थर की विभिन्न किस्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इंडिया स्टोन मार्ट में 2 से 3 फरवरी 2024 तक 'जयपुर आर्किटेक्चर फेस्टिवल', साथ ही क्रेता-विक्रेता बैठकें एवं इस बार भी शिल्पग्राम का आयोजन किया जाएगा। स्टोन मार्ट में भाग लेने के लिए वेबसाइट www.stonemart-india.in पर ऑनलाइन पंजीकरण किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इंडिया स्टोनमार्ट का पहला संस्करण वर्ष 2000 में आयोजित किया गया था। तब से अब तक इस द्विवार्षिक आयोजन के 11 संस्करण सफलतापूर्वक सम्पन्न हो चुके हैं। इस आयोजन का प्रमुख प्रायोजक रीको है।

इस अवसर पर रीको के प्रबंध निदेशक सुधीर कुमार शर्मा, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त हिमांशु गुप्ता सहित रीको एवं सीडॉस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।






# नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ किया जागरूक

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित बियानी गर्ल्स कॉलेज में नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो भारत सरकार, एमएचए जयपुर के सहयोग से "नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी" के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एनसीबी अधीक्षक अवदेश कुमार, नवविलाप चैयरमेन हरीश बुटानी, एनसीबी इंपेक्टर कपिल शर्मा, कॉलेज के निदेशक डॉ.संजय बियानी, प्राचार्या डॉ. नेहा पाण्डे, डॉ.एकता पारीक रही। इस सेशन में सभी विद्यार्थियों को नशीली दवाओं के सेवन के दुष्परिणामों,सिम्टमस व ड्रग्स के प्रकार के बारे में जानकारी दी। मौके पर कॉलेज के निदेशक डॉ. संजय बियानी ने नशा मुक्ति समाज की परिकल्पना को साकार करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

कार्यक्रम में एनसीबी अधीक्षक अवदेश ने सभी विद्यार्थियों को ड्रग्स के फिजिकल और मेंटल सिम्टम्स के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नशे की लत इतनी ज्यादा खतरनाक है कि कई बार लोग इसके ज्यादा सेवन से और न मिलने पर आत्महत्या कर लेते हैं। इसकी लत से व्यक्ति की मानसिक स्थिति, पारिवारिक समस्या और आर्थिक परेशानियों जैसे मुद्दे पीड़ितों को खुदको खत्म करने का रास्ता देते है। हमें कोशिश करनी चाहिए कि जो व्यक्ति नशे का उपयोग कर रहा है उसे हम जागरूक करे, उसकी मदद करें और भारत को "मादक पदार्थ मुक्त" बनाए।

इस दौरान नवविलाप चेयरमैन हरीश बुटानी ने कहा कि नशा समाज के लिए ऐसा दीमक है जो समय से पहले ही जीवन को समाप्त कर रहा है। नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति न केवल अपनी शारीरिक हानि करता है बल्कि अपने परिवार के साथ-साथ सामाजिक वातावरण को भी दूषित करता है। इसलिए आप सभी उद्देश्यपूर्ण जीवन को अपनाकर अपना जीवन सफल बनाए। मौके पर एनसीबी इंस्पेक्टर कपिल शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को नशीली दवाओं के प्रकार जैसे प्राकृतिक और सिंथेटिक लक्षण के बारे में जानकारी दी और कहा कि इस मानसिक बीमारी को लेकर लोगों में जागरूकता लायी जाए तभी इस नशा रुपी संक्रमण से बचा जा सकेगा। कार्यक्रम का सफल संचालन हिना शर्मा ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या डॉ.नेहा पाण्डे ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नगर निगम देगा बच्चों को छात्रवृत्ति, 20 फरवरी तक करें आवेदन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सफाई कर्मचारियों के होनहार बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए ग्रेटर नगर निगम उन्हें छात्रवृत्ति देगा। निगम की बजट बैठक में प्रस्ताव पारित करने बाद निगम आयुक्त ने इसे लेकर आदेश भी निकाल दिए। अब प्रशासन ने ऐसे होनहार बच्चों से 20 फरवरी तक आवेदन मांगे है। हालांकि माध्यमिक व उच्च माध्यमिक कक्षा में केवल 70 प्रतिशत या अधिक प्राप्तांक वाले विद्यार्थी ही छात्रवृत्ति के लिए पात्र होंगे। आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर जयपुर बजट वर्ष 2023-24 में सफाई कर्मचारियों के होनहार बच्चों को छात्रवृत्ति दिये जाने का निर्णय लिया गया। नियमित सफाई कर्मचारी अपने होनहार बच्चों की छात्रवृत्ति के लिए निर्धारित आवेदन पत्र संबंधित जोन, हेल्पलाईन, अटल सेवा केन्द्र (मुख्यालय) से प्राप्त कर कार्मिक शाखा में 20 फरवरी तक जमा करा सकते है। इससे सफाई कर्मचारियों के होनहार बच्चों को प्रोत्साहित किया जा सके।

### ये होंगे पात्र

निगम के नियमित सफाई कर्मियों के शैक्षणिक वर्ष 2022-23 में उत्तीर्ण माध्यमिक व उच्च माध्यमिक कक्षा के होनहार छात्रों को छात्रवृत्ति राशि दी जाएगी। साथ ही माध्यमिक व उच्च माध्यमिक कक्षा में केवल 70 प्रतिशत या अधिक प्राप्तांक वाले छात्र ही छात्रवृत्ति के लिए पात्र होंगे। छात्रवृत्ति शैक्षणिक वर्ष 2022-23 में राजकीय अथवा मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्था से माध्यमिक व उच्च माध्यमिक उत्तीर्ण छात्रों पर ही लागू होगी। आवेदन की अंतिम तिथि 20 फरवरी के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### दस्तावेज जरूरी

आवेदन पत्र में अंकित आवश्यक दस्तावेज संलग्न किया जाना अनिवार्य है। आवश्यक दस्तावेज संलग्न नहीं किये जाने की स्थिति में आवेदन स्वतः ही निरस्त माना जाएगा।

## पूर्व जज केपी सक्सेना का गाया रामभजन सारे चलो अयोध्या धाम... हो रहा लोकप्रिय



**जयपुर @ जागरूक जनता।** अयोध्या राम मंदिर में प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पावन दिवस पर जयपुर के सिंगर व पूर्व जज केपी सक्सेना की सुरीली आवाज में गाया रामभजन सारे चलो अयोध्या धाम ... देश विदेश में बेहद लोकप्रिय हो रहा है। मुंबई के लता मंगेशकर स्टूडियो में रिकॉर्ड किया गया यह भजन प्रतिष्ठित संगीत कंपनी टी-सीरीज ने रिलीज किया है। इस भजन को संगीत निर्देशक विक्रांत माथुर ने संगीतबद्ध किया है। विमल कश्यप का लिखा यह भजन इन दिनों यूट्यूब पर काफी धूम मचा रहा है। गौरतलब है कि सिंगर केपी सक्सेना के पहले भी करीब 50 ऑडियो एवं वीडियो एलबम जारी हो चुके हैं। मशहूर बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर अनुराधा पौडवाल के साथ गाया केपी सक्सेना का एलबम मेरे राम बहुत लोकप्रिय हुआ है। जज जैसे संवेदनशील पेशे से जुड़े होने पर भी केपी सक्सेना ने संगीत का दामन नहीं छोड़ा। उन्होंने क्लासिकल संगीत की तालीम डॉ.प्रतापसिंह चौहान से हासिल की है। वे जयपुर के अलावा देश-विदेश के प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी सुरीली आवाज की खनक से संगीत प्रेमियों के दिलों को छू रहे हैं।




## राजस्थान की 3 राज्यसभा सीटों पर 27 फरवरी को होंगे चुनाव

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान से राज्यसभा की रिक्त सीटों पर चुनाव का एलान कर दिया गया है। राजस्थान की इन 3 राज्यसभा सीटों के लिए 27 फरवरी को मतदान होंगे। राजस्थान की जिन 3 राज्यसभा सीटों पर चुनाव होना है। उनमें से एक सीट किरोड़ी लाल मीणा के इस्तीफे की वजह से खाली हुई है। बाकी दो अन्य राज्यसभा सांसद पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के कार्यकाल खत्म होने की वजह से खाली होगी। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का कार्यकाल 3 अप्रैल को खत्म हो जाएगा। राजस्थान से 10 राज्यसभा सांसद चुने जाते हैं। एक सीट रिक्त चल रही है जबकि 6 सीटों पर कांग्रेस तो 3 पर भाजपा के सांसद काबिज हैं।

### हिजाब को लेकर विधानसभा में गरजे विधायक बालमुकुंदाचार्य

# जिन्ना का भूत अभी आजाद भारत से नहीं हुआ दफा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में हिजाब के मुद्दे को लेकर जमकर हंगामा हुआ। बीजेपी विधायक बालमुकुंदाचार्य ने कहा कि स्कूल में दो तरह की ड्रेस चल रही है। बहुसंख्यक समाज की बच्चियां स्कूल ड्रेस में आ रही हैं। दूसरे समाज की बच्चियां बुर्के और हिजाब में आ रही है। ऐसे में एक स्कूल में दो ड्रेस कैसे हो सकती है। कई स्कूलों में सरस्वती माता की मूर्ति ही हटा दी गई है। अजान के समय पढ़ाई बाधित रहती है। अगर स्कूल में इस तरह दो ड्रेस होगी। तो फिर स्कूल ड्रेस का मतलब ही क्या रहेगा'? अगर बचपन से ऐसा ही माहौल डाल देंगे तो बच्चे आपस में कैसे जुड़ेंगे'? विद्यालय में जो नियम कायदे हैं उनका पालन नहीं करेंगे तो कैसे काम होगा। सरकारी विद्यालय में जो नियम कायदा बना है उसके अनुसार ही छात्र-छात्राएं पढ़ाई करें। ऐसे तो क्या हम हमारी बच्चियों को क्या दूसरी ड्रेस में भेजे। अगर किसी को बुर्का या हिजाब ही पहनना है तो वह मदरसे में पहने। या उनके लिए यथा स्थान पर पहने कोई आपत्ति नहीं है। वैसे भी इस मामले को केवल कुछ लोग राजनीति के चलते उठा रहे हैं। पता नहीं आज प्रदर्शन करने वाली बच्चियां उस स्कूल की भी थी या नहीं।

उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है, कि जिन्ना का भूत अभी



आजाद भारत से दफा नहीं हुआ है। कहीं ना कहीं जिन्ना अभी भी मौजूद है। और लोगों को राम से दूर रखता है। कई लोग ऐसे आयोजन में राजनीति करते हैं। उन्हें करते रहना चाहिए। लेकिन जनता को चिन्हित करके ऐसे लोगों से दूरी बनानी चाहिए। ऐसे लोग दूषित मानसिकता के रोगी है। राम मंदिर का निर्माण निर्विघ्न संपन्न हो गया। इसके निर्माण के समय से विरोधियों का विरोध था। लेकिन फिर भी शासन के कठोर बंदोबस्त के कारण समय पर काम हुआ। कई लोग आमंत्रण पर भी अपने रचित कारण से इसमें नहीं आए। राम की इच्छा नहीं होगी ये भी हो सकता है।

विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद विवाद पर महंत बाबा बालक नाथ ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार ने जिस प्रकार से पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार किया। राजस्थान के अंदर जिस प्रकार से गुंडागर्दी बढ़ी है। सरेआम दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ी। राजस्थान में अशांति का माहौल था। उसी से त्रस्त होकर राजस्थान की जनता ने उस सरकार को मुक्ति का रास्ता दिखाया है।

भारतीय जनता पार्टी की सरकार यहां पर बनी है। और यह भारतीय जनता पार्टी की सरकार वचनबद्ध है। राजस्थान की जनता के प्रति और निश्चित रूप से जो संकल्प पत्र में एक-एक बात जो कही गई है। आने वाले 5 वर्षों में नहीं अभी तो आने वाले इस पहले वर्ष में ही वह सभी बातें पूरी होगी। और राजस्थान की जनता को न्याय देते हुए विकास के पद पर राजस्थान को आगे बढ़ाएंगे।

हमने चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर लड़ा। हम आपको बताना चाहते हैं कि मोदी दुनिया के एकमात्र ऐसे नेता हैं। जिनके नाम से केवल विधानसभा-लोकसभा ही नहीं बल्कि अभी तो वार्ड पंच का चुनाव भी उनके नाम से लड़ा जाता है। जिसका परिणाम यह है कि जीत जाता है। आज हमें हमारे प्रधानमंत्री पर, हमारी पार्टी पर, हमारी विचारधारा पर गर्व है। राजस्थान की जनता ने पिछले 5 साल भ्रष्टाचार-गुंडाराज महिलाओं के साथ अपराध और शोषण में बढ़ोतरी देखी है। दुष्कर्म के मामले भी अत्यधिक रहे। पिछले 5 साल जो सरकार थी वह कोई जनता के मैंडेट की सरकार नहीं थी। वह पूर्ण रूप से बहुमत प्राप्त सरकार नहीं थी। वह जोड़-तोड़ की सरकार थी। रिश्वत पर चलने वाली सरकार थी। क्योंकि उसने विधायकों को खरीद कर सरकार चलाई थी। जो खुद खरीद कर चलती हो वह सरकार प्रदेश को कैसे चला सकती है।

### स्कूलों का एक ड्रेस कोड होता है

**हमारे** बच्चे भी लहंगा-चुन्नी पहनकर आएंगे। स्कूल में तय ड्रेस कोड में ही आना चाहिए। इस पर कुछ लोग बिना वज़ह राजनीति कर रहे हैं। हिज़ाब को लेकर विधायक बालमुकुंदाचार्य के बयान पर आज सदन के अंदर और बाहर जोरदार हंगामा हुआ। हंगामे के बाद विधायक बालमुकुंदाचार्य ने कहा कि स्कूलों का एक ड्रेस कोड होता है। मेरे भाषण को देखा जा सकता है। मैंने स्कूल में बच्चियों को कुछ नहीं कहा कि मैंने केवल स्कूल प्रिंसिपल से पूछा था कि क्या स्कूल में दो तरह का ड्रेस कोड है। जब गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम हो, वार्षिकोत्सव हो। तो क्या दो तरह की ड्रेस का प्रावधान है क्या'? मुझे स्कूल में दो तरह का माहौल नज़र आया। एक हिज़ाब के साथ दूसरा बिना हिज़ाब के। इसको लेकर मैंने ये कहा है।

### यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, (यूईएम) जयपुर के शहरी कार्यालय में यूनिवर्सिटी के नवाचारों को लेकर प्रेस वार्ता का हुआ आयोजन

# यूईएम देश के शीर्ष 50 संस्थानों में शामिल

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, (यूईएम) जयपुर राज्य का एक प्रमुख निजी विश्वविद्यालय है, जिसने इंजीनियरिंग, प्रबंधन और फिजियोथेरेपी पाठ्यक्रमों के लिए 2012 में अपने पाठ्यक्रम शुरू किए थे। यह विश्वविद्यालय NAAC से मान्यता प्राप्त, AICTE द्वारा अनुमोदित, ISO प्रमाणित और एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज, एसोसिएशन ऑफ कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटीज यूके और इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ यूनिवर्सिटीज फ्रांस का सदस्य है। यूईएम जयपुर राजस्थान के लिए टाइम्स बी-स्कूल रैंकिंग में प्रथम स्थान पर है और यह शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आईआईसी रैंकिंग में सर्वोच्च विश्वविद्यालय भी है। विश्वविद्यालय एआईसीटीई की मेंटर-मेंटी योजना के तहत एक मेंटर संस्थान भी है। हमें एआईसीटीई द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रोग्रामो के लिए भी फंडिंग प्राप्त हुयी है। विश्वविद्यालय को एआईसीटीई LITE कार्यक्रम के तहत देश के शीर्ष 50 संस्थानों में से एक के रूप में चुना गया है। साथ ही शिक्षा मंत्रालय द्वारा एआरआईआईए रैंकिंग से मोस्ट प्रॉमिसिंग इंस्टीट्यूशन सर्टिफिकेट का प्राप्तकर्ता भी है और हाल ही में फिनलैंड से फ़ोर्ब की सूचीबद्ध प्रसिद्ध स्टार्टअप कंपनी द्वारा स्मार्ट सोलर सिस्टम के लिए असेंबली लाइन बनाने का एक लाइव प्रोजेक्ट प्राप्त हुआ है। प्रेस वार्ता के दौरान यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर प्रो डॉ बिस्वेजॉय चटर्जी ने बताया की यूईएम जयपुर परिणाम आधारित शिक्षा, सभी योग्य छात्रों को प्लेसमेंट, अनुसंधान, प्रकाशन, नवाचार और उद्यमिता के लिए समर्थन, विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ छात्र और संकाय विनिमय कार्यक्रम और पूरे देश के छात्रों को मजबूत संकाय आधार प्रदान करने में एक वैश्विक नेता के रूप में उभरा है।

प्रो. डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा, रजिस्ट्रार, यूईएम जयपुर ने बताया कि विश्वविद्यालय के पास एक बहुत मजबूत संस्थान उद्योग सहयोग है जहां 400 से अधिक कंपनियां प्लेसमेंट, प्रशिक्षण और इंटर्नशिप उद्देश्यों के लिए परिसर में आ रही हैं। यूईएम, जयपुर में पिछले वर्षों में सेमिनार, वेबिनार, एफडीपी, शोधकर्ताओं के व्याख्यान और प्रमुख शिक्षाविदों के आमंत्रित व्याख्यान जैसे लगभग 1300 कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे छात्रों और शिक्षकों को सीखने और कुशल बनाने का बेहतर वातावरण प्रदान किया गया। यूनिवर्सिटी डीन प्रो डॉ अनिरुद्ध मुखर्जी ने बताया कि विश्वविद्यालय के सभी छात्रों को अच्छी नौकरियों के अवसर मिल रहे हैं और उद्योगों के साथ अच्छे गठजोड़ उभरती प्रौद्योगिकियों में कौशल आधारित पाठ्यक्रमों के लिए एक बुनियादी सहायता प्रणाली प्रदान करते हैं ताकि छात्रों को अधिकतम लाभ मिल सके। यूनिवर्सिटी परियोजना उपनिदेशक संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि आईईएम-यूईएम समूह विश्व स्तर पर स्वीकृत बेंचमार्क के माध्यम से अनुसंधान में उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध है और विश्वविद्यालय के प्रत्येक छात्र या शिक्षक को अवसर प्रदान करता है।



## 152 सुंदरकांड पाठ के साथ पौषबड़ा प्रसादी आयोजित

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** श्री राम कृष्ण गौशाला ट्रस्ट एवं सुंदरकांड मंडल के तत्वाधान में लगातार 152 सुंदरकांड पाठ का ऐतिहासिक रिकॉर्ड के साथ पौष बड़ा पंगत प्रसादी श्री राम लक्ष्मण आश्रम गलता रोड जामडोली में आयोजित की गई। हमारे संवाददाता अनिल जैन ने बताया कि लगभग 800 से अधिक लोगो ने प्रेम पूर्वक कार्यक्रम के प्रारंभ में बहुत ही संगीत मय तरीके से सुंदरकांड का पाठ का आनन्द लिया। उसके पश्चात सभी भक्तजनों ने पौष बड़ा प्रसादी का लाभ लिया ।






# अब ट्रैफिक जाम और एक्सीडेंट का आधा किमी पहले ही चल जाएगा पता



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जोधपुर के शोधकर्ताओं ने सड़क पर ड्राइविंग को सुरक्षित बनाने के लिए इंटरनेट ऑफ व्हीकल (आईओवी) आधारित एक नई तकनीक विकसित की है। इसमें सड़क पर दौड़ने वाले वाहनों के बीच रियल टाइम कम्युनिकेशन होगा। इससे सड़क पर गड्ढ़ा होने की स्थिति में वाहन में लगा सेंसर आधा किलोमीटर पहले ही वाहन चालक को सूचित करे देगा। इसी तरह ट्रैफिम जाम की स्थिति होने और दुर्घटनासंभावित क्षेत्रों के बारे में भी वाहन चालकों को पहले ही सतर्क कर दिया जाएगा। इस तकनीक का उपयोग किसी दुर्घटना या रोड की खतरनाक स्थिति के बारे में आपातकालीन अलर्ट जारी करने के लिए भी किया जा सकता है ताकि आसपास मौजूद वाहन सचेत हो जाएं और बचाव के लिए जरूरी कदम उठा सकें।

### खराब सड़कें भी रिपेयर हो जाएंगी

इस नेटवर्क की मदद से जुटाए गए आंकड़ों का विश्लेषण करके दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का पता लगाया जा सकता है। साथ ही ऐसी सड़कों के बारे में भी जानकारी इकट्ठा की जा सकती है, जिनकी स्थिति खराब है। वाहनों को चोरी या अनाधिकृत इस्तेमाल से भी बचा सकेंगे। इस तकनीक में यूजर का डेटा पूरी तरह सुरक्षित रहेगा।

### ऐसे काम करेगा सिस्टम

**आईआईटी** ने इसके लिए ए नोवल मैक-बेस्ड ऑथेंटिकेशन स्कीम (नोमास) फॉर इंटरनेट ऑफ व्हीकल (आईओवी) तकनीक विकसित की है। इस तकनीक में गाड़ियों में ऑन बोर्ड यूनिट (ओबीयू) लगानी होगी, जिसमें आईओवी तकनीक जोड़ी जाएगी। यह एक तरह से एडवांस सेंसर जैसा है, जो वाहन चालकों को सड़क की हर स्थिति के बारे में जानकारी देता रहेगा। वाहनों में लगे आईओवी और अन्य आईओवी घटकों के मध्य संपर्क डेडिकेटेड शॉर्ट-रेंज कम्युनिकेशन प्रोटोकॉल और वायरलेस एक्सेस इन वीकल एनवायरनमेंट प्रोटोकॉल का उपयोग किया जाएगा। यह शोध आईआईटी जोधपुर के कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. देबाशीष दास और पीएचडी छात्रा हिमानी सिकरवार ने किया है। शोध को आईईईई ट्रांजेक्शन्स ऑन इंटेलीजेंट ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम्स में प्रकाशित किया गया है।

**नोमास** व आईओवी की मदद से भारतीय सड़कों पर वाहन चालकों का सफर और अधिक सुरक्षित बन सकेगा। विदेशों में कुछ स्थानों पर इस तकनीक का आंशित उपयोग किया जा रहा है।

**-डॉ. देबाशीष दास,** कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी जोधपुर

## उत्साह से मनाया वार्षिकोत्सव



**सिरोही @ जागरूक जनता।** स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तेलपुर में वार्षिकोत्सव का आयोजन महाराज जबर नाथ के सानिध्य, ग्राम पंचायत की सरपंच कन्याकुमारी के मुख्य आदित्य, समग्र शिक्षा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ उदय सिंह डिंगार की अध्यक्षता, सरूपाराम पूर्व अध्यापक के आथित्य में आयोजित हुआ। प्रधानाचार्य भूपेंद्र राजपुरोहित एवं उप प्रधानाचार्य जबर सिंह देवड़ा ने बताया कि वार्सिकोउत्सव कार्यक्रम में भामाशाह के सम्मान, पूर्व विद्यार्थियों के सम्मान एवं पारितोषिक वितरण के साथ ही कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह भी आयोजित किया गया। वार्षिक समारोह में सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## न्युवोको विस्टास कॉर्प ने वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में 31.03 करोड़ रुपये का लाभ कमाया

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** न्युवोको विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत की निर्माण सामग्री क्षेत्र में एक प्रमुख कंपनी, ने 31 दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही में 31.03 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया है। बीते साल की समान तिमाही में न्युवोको ने 75.29 करोड़ रुपये का नुक्सान दर्ज किया था। भारत में पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह, न्युवोको ने लगातार मजबूत प्रदर्शन के साथ न्युवोको ने बिक्री और आय में बढ़ोतरी के साथ लाभ भी कमाया है। तीसरी तिमाही में न्युवोको की कुल सीमेंट बिक्री 4.02 एमएमटी तक पहुंच गई और अपने पूरे संचालन से राजस्व 2,421 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में न्युवोको की नेट कंसोलिडेटेड आय 2,431.87 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल की समान तिमाही में दर्ज 2,608.76 करोड़ रुपये से 6.78 प्रतिशत कम है। इस दौरान न्युवोको का एबिटिडा 55 फीसदी बढ़कर 421 करोड़ रुपये रहा जो कि एक बड़ी उपलब्धि है। वहीं न्युवोको का कुल ऋण 632 करोड़ रुपये कम होकर 4,533 करोड़ रुपये रह गया है। इससे भी न्युवोको को लाभ बढ़ाने में सफलता मिली है। न्युवोको ने हरियाणा सीमेंट प्लांट में 1.2 एमएमटीपीए सीमेंट मिल चालू की, जिससे कुल सीमेंट क्षमता 25 एमएमटीपीए हो गई। न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड के प्रबंध निदेशक जयकुमार कृष्णास्वामी ने न्युवोको के ऑपरेशंस में शानदार सफलता और लागत दक्षता पर प्रकाश डालते हुए चुनौतीपूर्ण मांग स्थितियों के बीच न्युवोको की मजबूत ग्रोथ की सराहना की। उन्होंने कहा कि हरियाणा सीमेंट प्लांट में अतिरिक्त क्षमता और गुणवत्ता और इनोवेशन पर निरंतर जोर के साथ, न्युवोको का लक्ष्य पूर्व में अपनी नेतृत्व स्थिति को बनाए रखते हुए उत्तर में एक बड़ा बाजार हिस्सेदारी हासिल करना है। इसके अतिरिक्त, न्युवोको ने चालू वित्त वर्ष में पांच नए प्लांट्स की शुरुआत के साथ अपने रेडी-मिक्स कंक्रीट बिजनेस का विस्तार किया है, जिससे देश भर में कुल 56 प्लांट हो गए हैं।

JETHI TECH SOLUTIONS
Follow Us: @jethitech
ADDING WINGS TO YOUR BUSINESS

BULK SMS - Lowest Price
Buy 1 Lakh SMS @ Rs.12000/-
With FREE Control Panel
@ 12 Paisa Per SMS
LIFETIME VALIDITY

WEDDING INVITATION
1 Invitation Video for Whatsapp
10,000 Bulk SMS
1 Social HashTag Creation
1 Whatsapp Direct Chat Link
1 Landing Page
Send Digital Invitations At One Click

START-UP PACKAGE
Dynamic Website
+ Domain & Hosting(1 Year)
+ Social Media Profile Creation
+ Social Media Management* (1 Year)
+ 3 WhatsApp Stickers
+ WhatsApp Chat Direct Link
+ Local Business Listing
+ Logo Design
All For Just Rs.35,000/- + GST

Digial Branding/Marketing
★ Youtube Marketing ★ Website Development
★ Digital Marketing ★ Android Development
★ Whatsapp Marketing ★ Software Development
★ Bulk SMS Marketing ★ Social Media Management

MSGJET
SchoolMaster SCHOOL Management System

Corporate Branding/Identity
★ Visiting Cards ★ ID Cards ★ Letterhead ★ Calendars ★ Pen Stand ★ Mugs
★ Pamphlets ★ Banners ★ Envelope ★ Diary ★ Paper Weights ★ T-Shirts
★ Bill Book ★ Brochure ★ Signages ★ Bags ★ Pen ★ Many More...

**Financial Services:** Business Loan, Home Loan, CC Limit, Mortgage Loan

WE ARE Google Partner | AdWords Analytics | Facebook Marketing Partner | Accredited Professional Bing ads

DIGITAL MARKETING | CORPORATE BRANDING | PRINT MEDIA
WEBSITE DESIGN/DEVELOPMENT | SOFTWARE DEVELOPMENT
ANDROID/iOS APPS | BULK SMS | CRM/ERP SOFTWARE

**INIDIA:** 1C, Rajputana Marg, Kalyanpuri, Jhotwara, Jaipur-12
**USA:** 11923 NE Summer St. Portland, Oregon, 97220, USA
+91-7976625313, +1(503) 8788224 || www.jethitech.com || sales@jethitech.com

## जागरूक खबरें

### साईकिलिंग में विनोद पाणखाणिया संभाग स्तर पर प्रथम

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** राज्य उच्च न्यायालय जोधपुर की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के संभाग स्तरीय मुकाबले 27 व 28 जनवरी को उदयपुर के खेलगांव में आयोजित हुए। 10 किलोमीटर साइकिलिंग में चित्तौडगढ के विनोद पाणखाणिया प्रथम रहे, जिन्हें समापन समारोह में जिला एवं सेशन न्यायाधीश चंचल मिश्रा ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। संभाग स्तर के बाद राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा शीघ्र ही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का शेड्यूल जारी किया जायेगा, जिसमें पाणखाणिया साईकिलिंग में चित्तौडगढ का प्रतिनिधित्व करेंगे। पाणखाणिया ने बताया कि उनकी बचपन से ही खेलों के प्रति रूचि रही है। वे अपने दैनिक जीवन में भी साईकिलिंग एवं अन्य खेलों में भाग लेते रहते है।

### चारागाह पर कब्जे को लेकर सौंपा ज्ञापन

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** चारागाह जमीन पर अतिक्र मण के सम्बन्ध में गांव मिठारामजी का खेड़ा, सेंथी, प्रतापनगर के स्थानीय लोगों ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। भंवरलाल मेनारिया ने बताया कि नजदीकी मिठारामजी का खेड़ा के बाल न्यायालय के पीछे झांजरिया तालाब के पास सरकार की बेशकिमती भूमि को कुछ लोगों द्वारा फर्जी 91 की पेनाल्टी की रसीदें बनाकर कब्जा किया जा रहा है। क्षेत्र में लगभग 120 बीघा जमीन पर तारबंदी कर कब्जा कर लिया है। भू माफियाओं द्वारा 1 बीघा खेती की जमीन की रजिस्ट्री करवाकर पास पड़ी चरनोट जमीन पर कब्जा कर आम लोगों को कब्जा सुपुर्द कर रहे हैं। जो जमीन की रजिस्ट्री तो खातेदारी की जमीन की करवा रहे है, जबकि मौके पर कब्जा चरनोट का दिया जा रहा हैं। पूर्व में भी भारतीय मानवाधिकार सहकार संस्थान ने जिला कलेक्टर को रिपोर्ट दी थी, जिसमें बताया था कि तहसीलदार, पटवारी सहित अधिकारियों द्वारा उक्त मामले पर लिपा पोती कर ठण्डे बस्ते में डाल दिया जिससे भू-माफियाओं के हौसले बुलन्द है जबकि सुप्रिम कोर्ट का सक्त आदेश है कि एक इंच में चारागाह जमीन कम नहीं होनी चाहिए। इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

### मेजर दलपत सिंह की जयंती पर अर्पित की श्रृद्धाजंलि

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** मेजर दलपत सिंह देवली के 132वें जन्म जयंती पर रावणा राजपूत समाज द्वारा देवली सर्कल पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर भंवर सिंह देवड़ा, रामकन्या कंवर सोलंकी, नीलु कंवर चुण्डावत, सुमन कंवर तंवर, कृष्णा कंवर तंवर, प्रियंका कंवर राठौड़, नदनी कंवर, विक्र म सिंह चौहान, योगेन्द्र सिंह राणावत, रतन सिंह राठौड़, लादू सिंह साखंला, सुरेन्द्र सिंह गहलोत, मोहन सिंह, देवी सिंह राठौड़, महेंद्र सिंह, कर्ण सिंह, पवन सिंह, उमेश सिंह, विनोद सिंह, हिम्मत सिंह, मोनु सिंह, दीपक सिंह, लक्ष्मण सिंह साखंला, नारायण सिंह चुणडावत, दुर्गा सिंह, दिलीप सिंह पंवार, शंकर सिंह, देवी सिंह, भैरू सिंह, राकेश सिंह, सहित समाजजन उपस्थित थे।

### शहीद दिवस पर आज होंगे कार्यक्रम

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** शहीद दिवस पर आज प्रातः 11 बजे शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा जायेगा। कार्यक्र म में प्रातः 10.30 बजे राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर पुष्पा अर्पण के पश्चात रामधुनी व गांधीजी के प्रिय भजनों का गान और 2 मिनट का मौन के साथ कार्यक्र म का समापन होगा।

### करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** कोतवाली थाना क्षेत्र के खरड़ी बावड़ी गांव में खेत पर कार्य कर रहे किसान की करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गोवर्धन लाल पिता रोडा भील निवासी खरड़ी बावड़ी रविवार शाम अपने खेत पर कार्य कर रहा था। इसी दौरान फसल की पिलाई के लिए वह मोटर चलाने गया, इस दौरान स्टार्टर से करंट का झटका लगने से अचेत हो गया। जिसे परिजन जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर सहायक उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह मय जाप्ता चिकित्सालय पहुंचे और मर्ग दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों के सुपूर्द कर दिया। इस दौरान जनप्रतिनिधि भंवरसिंह सहित कई ग्रामीण भी चिकित्सालय में एकत्रित हो गए।

### ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई 1 को

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** सहायक निदेशक लोक सेवाएं राकेश पुरोहित ने बताया कि 01 फरवरी को जिले की समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर प्रातः 11.00 से दोपहर 2 बजे तक ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। मुख्य सचिव द्वारा जिले में उपखण्ड राशमी की ग्राम पंचायत सोनी, बेगूं की ग्राम पंचायत काटूंदा एंव भदेसर की ग्राम पंचायत धीरजी का खेड़ा में आयोजित ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में वीसी के माध्यम से भाग लिया जावेगा। अतः उक्त पंचायतों में उपखण्ड अधिकारी स्वयं की अध्यक्षता में जनसुनवाई करेगें। इसी क्रम में 08 फरवरी को उपखण्ड स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा।

### यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ़ होमियोपैथी में रिसर्च वेबीनार का हुआ आयोजन

**केकड़ी @ जागरूक जनता।** विद्यार्थियों के लिए वेबीनार श्रृंखला "राइस रिसर्च इंटरेक्शन फॉर स्टूडेंट एनरिचमेंट संवर्धन और प्रोत्साहन" के द्वितीय व्याख्यान का आयोजन यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ़ होम्योपैथी, केकड़ी में सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन होम्योपैथी, नई दिल्ली ने "नेशनल कॉलेज सहयोग योजना" के तहत एक वेबीनार श्रृंखला "राइस रिसर्च इंटरेक्शन फॉर स्टूडेंट एनरिचमेंट संवर्धन और प्रोत्साहन" के द्वितीय व्याख्यान का आयोजन किया । सहायक आचार्य डॉ सीमा गुप्ता, एवं डॉ इतिका खत्री, ने छात्रों को ओरिएंटेशन लेक्चर में होम्योपैथी में रिसर्च की महत्वता बताई। वेबीनार श्रृंखला के द्वितीय व्याख्यान में स्पीकर डॉ लिपिपुष्पा देबता, अनुसंधान अधिकारी (एच)/ वैज्ञानिक-III ने शोध अध्ययन की संकल्पना के बारे में बताया । वेबीनार में 100 से अधिक संकाय सदस्यों एवं छात्रों ने भाग लिया ।

# कार्य योजना के अनुरूप लक्ष्यों की शीघ्र प्राप्ति के लिए करें सार्थक प्रयास -सुरपुर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** वाणिज्यिक कर विभाग के मुख्य आयुक्त रवि कुमार सुरपुर की अध्यक्षता में मंगलवार को विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक का आयोजन मुख्यालय में किया गया। बैठक में सुरपुर ने अधिकारियों को कर संग्रहण में संवेदनशीलता और तत्परता बरतने के निर्देश दिए। मुख्य आयुक्त ने कहा कि लक्ष्यों के अनुरूप कार्ययोजना पर शीघ्रता से अमल होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होने अधिकारियों को रिटर्न फाइलिंग बढाने एवं अपील के मामलो के शीघ्र निस्तारण के निर्देश भी दिए। उन्होने बैठक में वित्तीय वर्ष के आखिरी महीनों में बकाया राजस्व संग्रहण में कोताही नहीं बरतने के निर्देश दिए। उन्होने विभाग के अधिकारियों से फेक टेक्सपेयर्स को चिन्हित करने एवं सर्वे की कार्यवाही आदि की समीक्षा भी की।

सुरपुर ने कहा कि राज्य सरकार व्यवहारियों एवं करदाताओं को अधिकाधिक लाभ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है इस हेतु सभी अधिकारी विभागीय गतिविधियों को सहजता एवं सरलता के साथ सेवाओं को प्रदान करें। उन्होने बैठक में वी.सी. के माध्यम से सभी फील्ड अधिकारियों को राजकार्य में निष्पक्षता एवं संवेदनशीलता के साथ करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में विभाग के अतिरिक्त आयुक्त के.के.सिंह एवं रिषभ मंडल भी शामिल थे।

# शहीद जवान को सैकड़ो ग्रामीणों ने दी श्रद्धांजलि, पूरा गांव गमगीन

### सांसद पीपी चौधरी की ओर से पीपाड़ भाजपा मंडल महामंत्री आदित्य कच्छावाह ने अर्पित किया पुष्पचक्र

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**पीपाड़ शहर।** आसाम के जोरहठ में तैनात जोधपुर पीपाड़ उपखंड के गांव सियारा के लाल नायक रामस्वरूप भड़ला ड्युटी के दौरान हृदय गति रूकने पर शहीद हो गये । उनका पार्थिव शरीर मंगलवार को जैसे ही सड़क मार्ग से उसके पैतृक गांव सियारा पहुँचा तो पूरा गांव गमगीन हो गया। इस अवसर पर सेना की ओर से युनिट 825 ए एस सी, बी एन (ए एम) एस. ए की और से द्वारा शहीद को पुष्पांजलि अर्पित की गयी। जहां पैतृक गांव पहुंचने पर राजकीय सम्मान के साथ शहीद जवान को श्रद्धांजलि दी गई सर्वप्रथम सेना की एक टुकड़ी ने शहीद को सशस्त्र गार्ड ऑफ ऑनर पेश की। मातमी धुन बजाई गई तथा शहीद की याद में मौन रखा गया। शहीद के पिता-माता, भाई व नजदीकी रिश्तेदारों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीद के पार्थिव शरीर परस्थानीय पाली सांसद पीपी चौधरी की और से प्रतिनिधि के रूप में पीपाड़ शहर मण्डल महामंत्री आदित्य कच्छावाह द्वारा पुष्पचक्र अर्पित कर सलामी दी। इस दौरान कई ग्रामीण जन, जन प्रतिनिधि, समाज सेवी मौजूद रहे।

# पर्यटन केद्र की ईमारत ढहने के कगार पर, जनप्रतिनिधि बेखबर



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक नगरी चित्तौड़गढ जिला मुख्यालय पर विशाल परिसर में स्थित पर्यटन केंद्र अपनी बदहाली पर आसूं बहा रहा है, जिसकी ईमारत खंडहर होने के साथ ही परिसर झाड़ जंखाड़ से अटा पड़ा है। एतिहासिक दुर्ग भ्रमण के लिये आने वाले देशी विदेशी पर्यटकों को इतिहास की जानकारी सहित अन्य सुविधाएं मुहैया कराने के दृष्टिकोण से शहर के स्टेशन मार्ग पर कई वर्षो पूर्व पर्यटन केंद्र बनाया गया था। केंद्र और राज्य सरकार की अनदेखी के कारण रख रखाव के अभाव में धीरे-धीरे विशाल भवन जर्जर हालात में पहुंच गया। जिसके कारण पिछले लम्बे अर्से से ईमारत के खंडहर होने से वहां ताला लगा दिया गया है। करीब चार बीघा क्षेत्र में फैले इस केंद्र में बने पर्यटन केंद्र की ईमारत अब गिरने के कगार पर है। इस सम्बन्ध में पर्यटन केंद्र द्वारा सरकार को कई बार अवगत कराने के बावजूद हालात जस के तस बने हुए है। इतना ही नहीं पूर्व की कांग्रेस सरकार में स्थानीय जनप्रतिनिधि सुरेंद्र सिह जाड़ावत को राजस्थान धरोहर प्रोन्नति प्राधिकरण का अध्यक्ष बनाने के बावजूद उन्होंने इस केंद्र की तरफ ध्यान नहीं दिया वही वर्तमान में यहां से सांसद सी पी जोशी भाजपा प्रदेशाध्यक्ष है, जिन्होंने भी इसकी कभी सूध नहीं ली, जबकि इस पर्यटन केंद्र की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है।

# हजरत नसीरशाह दाता का उर्स प्रारम्भ

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** बूंदी रोड स्थित हजरत नसीरशाह दाता रहमतुल्लाह अलैहे का 65वां उर्स मुबारक सोमवार से प्रारम्भ हुआ। वक्फ कमेटी के सदर गुलाम रसुल खान अशरफी ने बताया कि उर्स में परचम कुशाई की रस्म शहर काजी अब्दुल मुस्तफा चिश्ती करीमी, मेवाड़ के महान सुफी संत हजरत हाफिज सैयद सरदार अहमद कादरी चिश्ती अशरफी के नवासे सज्जादानशीन मोहम्मद सलीम अशरफी, सज्जादानशीन मोहम्मद युसुफ अशरफी व मुहाफिजे मिल्लत मौलाना मोहम्मद इब्राहीम अशरफी रहमतुल्लाह अलैहे के बेटे जानशीन, मोहम्मद उमेर ने अदा की। झण्डा शरीफ हजरत सैय्यद सरदार अहमद अशरफी की खानकाह से लेकर दरगाह पहूंचे। इस मौके पर खजान्ची मोहम्मद यासिन छीपा, मोलाना जुबेर अशरफी अलअजहरी, मोलाना जुनेद अशरफी, मोहम्मद उमेर अशरफी, मोलाना हाफिज शोएब ने सलातो सलाम फातेहा पेश की। इस मौके पर अशरफी युवा जमात के मेम्बर, मोहम्मद युनुस छीपा, अब्दुल हमीद खान, असलम छीपा, मोहम्मद उमर छीपा, शरीफ छीपा व अशरफी के कई मुरीदेन मौजूद थे। सैकेट्री अब्दुल हमीद खान मंसुरी ने बताया कि आज रात 10 बजे मशहुर कव्वाल कव्वाली पेश करेगे। रात्रि में गुस्ल की रस्म अदा की जाएगी। बुधवार को सुबह 10 बजे से कुल की रस्म की शुरूआत होगी। दोपहर 1:00 बजे कुल की रस्म अदा की जाएगी।

# ग्रामीणों ने आक्या का किया स्वागत



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** विधानसभा चुनाव में विजयी होने व लगातार तीसरी बार विधानसभा क्षेत्र चित्तौड़गढ़ से विधायक बनने पर बेंगू विधानसभा क्षैत्र के ग्राम बिछौर व खेडी के नाल ग्राम में विधायक चंद्रभानसिंह आक्या का स्वागत व अभिनन्दन किया गया। विधायक आक्या के आगमन पर उन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग से गांव तक वाहन रैली के साथ लाया गया। लोगो ने विधायक आक्या का गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों की गावों में मिठाई व फलों से तौला गया। इस दौरान विधायक आक्या ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहां कि लोगो के मिले स्नेह व आशीर्वाद से ही वे विधानसभा क्षैत्र चित्तौडगढ़ से लगातार तीसरी बार विजयी हुए है। क्षैत्र का विकास व आमजन की सेवा उनका प्रमुख ध्येय रहा है व हमेंशा रहेगा। इस अवसर पर हरि सिंह चुण्डावत, नन्दलाल कुमावत, कैलाश कुमावत, उदयलाल कुमावत, गोवर्धन सेन, मोहनीष सेन, मुकेश सुथार, महावीर हरिजन, बहादुर सिंह, प्रदीप पगारिया, भैरू कुमावत, मुकेश धाकड़, भैरूलाल धाकड़, छोटुलाल मीणा, देवीलाल धाकड़, सुनील धाकड़, कालु धाकड़, सुरेश धाकड़, किशन धाकड़ सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय कौशल प्रादर्श प्रतियोगिता सम्पन्न

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** जिले में संचालित व्यावसायिक शिक्षा योजना के तहत् जिला स्तरीय कौशल प्रादर्श प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। शहीद मेजर नटवर सिंह शक्तावत राउमावि में कुल 31 विद्यालयों के 54 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपने ट्रेड से सम्बन्धित मॉडल बनाकर प्रतियोगिता में भाग लिया। सहायक परियोजना समन्वयक प्रथम लीला चतुर्वेदी ने बताया कि प्रतियोगिता में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की ओर से व्यावसायिक शिक्षा योजना के तहत् संचालित विद्यालयों के उन समस्त विद्यार्थियों ने भाग लिया जो विद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पर रहे हैं। योगेश अडानिया के अनुसार जिले में व्यावसायिक शिक्षा में विभिन्न विद्यालयों में संचालित ट्रेड्स के व्यावसायिक प्रशिक्षकों के निर्देशन में विद्यार्थियों ने आई टी, ब्यूटी एण्ड वेलनेस, हेल्थ केयर, ऑटोमोटिव, फूडप्रोसेसिंग, कृषि, रिटेल, इलेक्ट्रोनिक एण्ड हार्डवेयर, परिधान पहनावा एवं गृहसज्जा इत्यादि क्षेत्र में विभिन्न मॉडल्स बनाकर प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कुमार सोनी के अनुसार जिला स्तर पर प्रथम स्थान पर विजेता विद्यार्थी राज्य स्तर पर प्रस्तावित प्रतियोगिता में अपने ट्रेड्स के अनुसार भाग लेंगे। कार्यक्रम अधिकारी लोकेश नारायण शर्मा ने विद्यार्थियों को अपने सेक्टर में रोजगार के अवसर तथा शिक्षा के क्षेत्र में व्यावसायिक शिक्षा के भविष्य पर अपनी वार्ता प्रस्तुत की। कार्यक्रम अधिकारी नफीस अहमद ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रधानाचार्य स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल विद्यालय गंगरार विद्या आर्य, गोपाल मून्दडा आलोक सिंह राठौड को निर्णायक तथा श्याम लाल को मुख्य निर्णायक नियुक्त किया गया।

# वार्षिकोत्सव, भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**रोहट।** निकटवर्ती राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भूरियासनी में सोमवार को विद्यालय में वार्षिक उत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन प्रधान सुनिता कंवर राजपुरोहित व जोधपुर जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के पुर्व छात्र संघ अध्यक्ष सुनील चौधरी के मुख्य आथित्य में हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न हुआ । इस मौके पर रोहट प्रधान ने कहा कि विद्यार्थियों का देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहता है और डिजिटल युग में मोबाइल से संभल कर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। जेएनवीयू पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सुनील चौधरी ने कहा कि विद्यार्थी गुरुजनों के आशीर्वाद और सहयोग के साथ ही आगे बढ़ सकते हैं, और भारत के विकास में अपना योगदान दे सकते हैं। इसलिए हमेशा गुरुजनों के सानिध्य में रहकर अध्ययन करें। इस अवसर पर कलाली सरपंच अशोक बरवड़, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के छात्र नेता हरेंद्र चौधरी, विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक अर्जुन दास वैष्णव , एसएमसी अध्यक्ष जीवराज सिंह राजपुरोहित, भामाशाह गुणेश राम बड़ला, रामलाल बड़ला, रामलाल जी मायला, बिजाराम बजाड़, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि लीला महिपाल भींचर लालकी,महेंद्र कदोलिया , प्रहलाद कंदोलिया, हनुमान, भागीरथ , प्रधानाध्यापिका निर्मला बारठ, अध्यापिका गायत्री कंवर, आशा कंवर, रूप सिंह गोयल, मोहम्मद रमजान,कमला विश्नोई, धनराज लोहार वार्ड पंच व विद्यालय विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामपुरा, दिनेश कुमार सैन, रमेश कुमार बरवड़, तरूण रावल,भरत चौधरी सहित सैकड़ों की तादाद मैं ग्रामवासी उपस्थित रहे। मंच संचालन अध्यापक मोहम्मद रमजान ने किया। इस मौके पर भामाशाह महेन्द्र कंदोलिया ने विद्यालय के बच्चों को ट्रेक शूट देने की घोषणा की तथा भामाशाह गुणेश राम बडला ने विद्यालय परिवार को इनवर्टर भेंट कर सहयोग प्रदान किया।

ANCHOR समीक्षा बैठक

# अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों में चाइल्ड सेन्ट्रिक एप्रोच के साथ हो काम

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** शासन सचिव श्री राजन विशाल ने मंगलवार को वीसी के माध्यम से जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में 100 दिनों की कार्ययोजना, सरकार के संकल्प पत्र में संबंधित विभागीय बिंदुओं की उपलब्धि, प्रधान मंत्री जनविकास कार्यक्रम के अन्तर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति, बजट योजनाओं के कार्यान्वयन की प्रगति, जिलों में संचालित अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों के संचालन, मदरसा शिक्षा एवं आधुनिकीकरण, छात्रवृत्ति, राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम के ऋण वितरण एवं वसूली, कौशल विकास, अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं एवं बाल विकास कार्यों की समीक्षा की गयी। विशाल ने कहा की अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकें इसके लिए सभी अल्पसंख्यक समुदायों को जागरूक करने का अभियान चलाया जाये। अल्पसंख्यकों के बेहतर कौशल विकास व रोज़गार पर ध्यान देने के साथ ही इस पर आधारित कार्ययोजना को ध्यान में रखकर मूर्त रूप दिया जाए। इसके साथ ही उन्होंने जिले के मदरसों की भौतिक व्यवस्थाओं, पीने का पानी, शौचालय, स्वच्छता, मदरसा के आधुनिकीकरण के कार्यों की प्रगति आदि के बारे में जानकारी ली।

### बच्चों में हो होम अवे फ्रोम होम की भावना

विशाल ने कहा कि अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों में चाइल्ड सेन्ट्रिक एप्रोच के साथ काम किया जाए। विद्यालयों में कार्यरत सभी कार्मिक समय पर आएं। बच्चों के प्रति उनका व्यवहार अच्छा हो और अनुशासन के साथ अपने दायित्वों को पूरा करें। शौचालय की नियमित सफाई हो। प्रांगण साफ-सुथरे हों और स्वादिष्ट व संपूर्ण आहार बच्चों को दिया जाये। आवासीय विद्यालयों में बच्चों को होम अवे फ्रोम होम की भावना आना अति महत्त्वपूर्ण है। राजस्थान सम्पर्क पोर्टल के माध्यम से समस्याओं का इंद्राज कर त्वरित समाधान हो। तकनीकी नवाचारों से आवासीय विद्यालयों को चाइल्ड फ्रेंडली बनाया जाए। उन्होंने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को सभी आवासीय विद्यालयों के समय - समय पर औचक निरीक्षण के भी निर्देश दिये। शासन सचिव ने कहा कि अन्य राज्यों एवं अन्य देशों में अल्पसंख्यकों के लिए चलाई जा रही योजना एवं ढांचे का अध्ययन आवश्य करें ताकि प्रदेश में भी अल्पसंख्यक समाज को मजबूत किया जा सके। हम राज्य सरकार की योजनाओं को धरातल पर पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए हर संभव कदम उठाये जाएँगे । उन्होंने अधिकारियों को नवाचारों पर अपडेट रहने को कहा।

### रोडवेज की 305वीं बोर्ड बैठक : बिना टिकिट यात्रा पर परिचालकों के विरूद्ध होगी कठोर कार्यवाही - अध्यक्ष,रोडवेज

# भामाशाहों के सहयोग से बेहतर होंगे रोडवेज बस स्टैण्ड्स

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की 305वीं संचालन मण्डल बैठक मंगलवार को रोडवेज मुख्यालय पर निगम अध्यक्ष श्रेया गुहा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में दानदाता, भामाशाह एवं औद्यौगिक संस्थानों द्वारा बस स्टैण्ड्स पर निर्माण कार्यो में सहयोग सम्बन्धी प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

बैठक में निगम अध्यक्ष ने बिना टिकिट यात्रा करवाये जाने पर पर परिचालकों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही के निर्देश प्रदान किये। उन्होंने निगम की वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए गैर संचालन आय के विकल्प तलाशने के साथ -साथ रोडवेज बस स्टैण्ड की रख-रखाव के लिए पॉलिसी बनाने एवं निगम की सेवा में गुणवत्तापूर्ण सुधार के लिए रोड़ मैप तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में ऑल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) फण्ड का प्रबन्धन विद्युत कम्पनियों की तर्ज पर ट्रस्ट के माध्यम से करने के साथ ही, उड़न दस्तों के निरीक्षण परिणामों की तुलना एवं त्रैमासिक संचालन परिणमों की विवेचना भी की गई। इसके साथ ही बस बेड़े के अधिकतम उपयोग के साथ राजस्व वृद्धि के निर्देश दिए। इस अवसर पर वित्त विभाग के शासन सचिव श्री नरेश कुमार ठकराल, रोडवेज के प्रबन्ध निदेशक नथमल डिडेल, परिवहन आयुक्त डॉ. मनीषा अरोड़ा, सार्वजनिक निर्माण विभाग के मुख्य अभियन्ता अविनाश शर्मा, निगम की कार्यकारी निदेशक (प्रशासन) अनीता मीना सहित उच्चाधिकारी मौजूद रहें।